भोपाल
गुरुवार, 20 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -अमावस
वर्ष : 12, अंक : 230
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम ने पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के पवित्र श्राइन और महासमाधि पर की पूजा

## साईं बाबा का प्रेम-सेवा भावना लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति



एजेंसी ▶▶ अमरावती

पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के मौके पर उनकी स्मृति में एक सिक्का और डाक टिकटों का सेट भी जारी किया। मोदी ने आध्यात्मिक गुरु को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं और सेवा संसार में उनके लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन हमेशा करती रहेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी समारोह कार्यक्रम सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। भले ही साईं बाबा भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं, फिर भी उनका प्रेम और सेवा भावना करोड़ों लोगों के ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

■ एक सिक्का व डाक टिकटों का सेट भी जारी किया

सीएम ने कहा-जीआई टैग मिलने से पन्ना डायमंड को मिली वैश्विक पहचान

# पन्ना में 15 करोड़ की लागत से बनेगा डायमंड बिजनेस पार्क

» बड़ागांव में 40 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क का विकास लगभग पूर्ण

» एनएमडीसी परियोजना में बड़े स्तर पर हीरों का खनन फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पन्ना की रत्नगर्भा भूमि किसी पहचान की मोहताज नहीं है। इन दिनों जहां देखो, उधर अपना पन्ना ही चमक रहा है। मप्र को डायमंड स्टेट और टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने का श्रेय भी पन्ना को ही जाता है।

जीआई टैग ने पन्ना की पहचान पर अब वैश्विक मुहर लगा दी है। पन्ना डायमंड अब एक ब्रांड के रूप में उभर रहा है। इससे न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में पहचान बढ़ेगी, बल्कि वैल्यू-चेन, माइनिंग, प्रोसेसिंग, एक्सपोर्ट और जेम-आधारित उद्योग, सबमें निवेश के नए अवसर सामने आएंगे।

यह पार्क पन्ना की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पन्ना में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



### यहां 18 हज़ार महिलाएं लखपति दीदी बनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में पन्ना पूरे प्रदेश में अग्रणी है। यहां 10 हजार 301 स्व-सहायता समूहों की एक लाख से अधिक बहनों को 180 करोड़ रुपए से ज़्यादा का बैंक लिंकेज मिला है, जिसमें से लगभग 18 हजार महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। पन्ना जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए करीब 25 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है, संबंधित निवेशक के साथ एमओयू भी हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना जिले को बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने वाली है। पन्ना और छतरपुर के बीच भव्य राजगढ़ पैलेस होटल का शुभारंभ भी हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को पन्ना जिले की पवई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहनगर में हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां करीब 83 करोड़ रूपए की लागत वाले 14 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रीना बौरासी को महिला कांग्रेस, अवनीश भार्गव को सेवादल की कमान



रीना बौरासी



अवनीश भार्गव

**भोपाल।** रीना बौरासी मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनी। ये पूर्व सांसद प्रेमचंद्र गुड्डू की बेटी हैं, साथ ही पिछला विस चुनाव इंदौर के सांवेर विधानसभा से लड़ी थी। जहां मंत्री तुलसी सिलावट से बड़े अंतराल से चुनाव हारी हैं। अभी तक लंबे समय से अध्यक्ष की भूमिका में विभा पटेल रही हैं। महिला कांग्रेस की नई टीम बनाने की अब जिम्मेदारी रीना बौरासी के पास आ गई है। रीना को यह जिम्मेदारी पर बने रहने के लिए संपर्क और संगठन के अलावा सरकार पर आक्रामक भी रहना चुनौती भी है। इधर, बैरसिया निवासी अवनीश भार्गव को मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल का मुख्य संगठक बनाया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा-स्थिति सुधारें नहीं हो होगी सख्त कार्रवाई

# एसआईआर का काम धीमा.. भोपाल, इंदौर ग्वालियर जिलों के कलेक्टरों को फटकार

12 राज्यों के एसआईआर में मप्र छठवें स्थान पर खिसका

शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जैसे छोटे जिलों की हालत में बड़े जिलों की अपेक्षा सुधार आया है। इन जिलों में पिछली मीटिंग में गड़बड़ी पर कलेक्टरों को फटकार लगी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेसिव रीविजन (एसआईआर) में मप्र अन्य राज्यों के मुकाबले पिछड़ गया है। 12 राज्यों के एसआईआर में मप्र छठवें स्थान पर खिसक गया है। बुधवार को जब फिर से चुनाव आयोग की डायरेक्टर शुभ्रा सक्सेना ने समीक्षा की तो भोपाल, इंदौर व ग्वालियर जिले में धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई।

आयोग ने यह तक कह दिया कि यदि यही स्थिति रही तो जिला निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्य की अक्षमता पर सवाल खड़े किए। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर जैसे बड़े शहरों में डिजिटलाइजेशन का प्रतिशत काफी कम है। इन जिलों का डिजिटलाइजेशन प्रतिशत अभी दस से कम ही है। आयोग की डायरेक्टर सुश्री सक्सेना मप्र में चल रहे एसआईआर की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा कर रही थीं। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई है, यह 4 दिसंबर तक चलेगी। इसी के बीच में मतदाताओं का एसआईआर होना है। ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

भोपाल, इंदौर ग्वालियर जैसे बड़े शहरों में डिजिटलाइजेशन का प्रतिशत 10 से कम

मप्र में 4 दिसंबर तक चलेगा एसआईआर डिजिटलाइजेशन

### भोपाल जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में सबसे अच्छी प्रोग्रेस बैरसिया विधानसभा में हुई




समीक्षा बैठक में मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित कलेक्टर शामिल हुए

### भोपाल में 8.77 फीसदी ही हो सका है डिजिटलाइजेशन

पिछले 15 दिन में भोपाल जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में सबसे अच्छी प्रोग्रेस बैरसिया विधानसभा में है। यहां 28.86 फीसदी दस्तावेज डिजिटलाइज हुए हैं। वहीं भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 5.07 फीसदी, 5.57 और 5.58 फीसदी डिजिटलाइजेशन हुआ है। भोपाल ▶▶ शेष पेज 6 पर

रतलाम में एसआईआर का सर्वे करने गई टीम पर हमला

## नायब तहसीलदार और बीएलओ पर बरसाए पत्थर, भाग कर बचाई जान

**रतलाम।** बासिंद्रा में बुधवार को एसआईआर का सर्वे करने गए प्रशासन की टीम पर हमला हो गया। ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। हमले में नायब तहसीलदार रामकलेश साकेत और बीएलओ विक्रम सिंह राठौड़ घायल हो गए। टीम ने भी अपनी जान बचाई है। दोनों घायलों को

तीन पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार, एक फरार



अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया

रतलाम मेडिकल कॉलेज लाया गया है। पूरा मामला सैलाना विधानसभा क्षेत्र का है। तीनों आरोपी उमर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं और घटना के समय शराब के नशे में थे। पुलिस ने इनमें से दो आरोपियों सायसिंह (28) ▶▶ शेष पेज 6 पर

तीन राज्यों की टीम को कर रहे थे लीड

# बालाघाट में नक्सलियों से मुठभेड़, इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» सीएम ने दुख जताया, सरकार छोटे भाई को देगी नौकरी

बालाघाट में नक्सलियों से मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें गोली लगी थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजीपी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। डीजीपी ने बताया कि बुधवार को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया था। तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। तीनों टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर आशीष ▶▶ शेष पेज 6 पर



आशीष शर्मा

### जनवरी में होने वाली थी शादी

आशीष शर्मा मूल रूप से नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में बोहानी गांव के रहने वाले थे। उनका चयन 2016 में सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ था। इससे पहले, वे इंटेलिजेंस में आरक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे थे। नक्सलियों का एनकाउंटर करने ▶▶ शेष पेज 6 पर

नीतीश कुमार का इस्तीफा

# आज 10वीं बार लेंगे 'सीएम पद' की शपथ

सरकार बनाने का दावा पेश

» गांधी मैदान में समारोह, पीएम मोदी समेत 11 राज्यों के सीएम शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल से मिलकर बिहार में एक बार फिर से सरकार गठन का दावा पेश किया है।

इस दौरान उनके साथ एनडीए के कई नेता मौजूद थे। गुरुवार को वे 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे।



नीतीश, सम्राट और विजय सिन्हा

शपथ समारोह सुबह 11.30 बजे गांधी मैदान में होगा। समारोह के लिए 2 मंच बनाए गए हैं। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत 11 राज्यों के मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर



## आईएएस लवानिया कृषि मंत्रालय में डायरेक्टर बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अविनाश लवानिया को केंद्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। केंद्र ने उन्हें प्रतिनियुक्ति पर बुलाते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में डायरेक्टर पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ▶▶ शेष पेज 6 पर




अनमोल 11 दिन की हिरासत में

## एनआईएः 35 से ज्यादा मर्डर से सीधा कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ बाबा सिद्दीकी की हत्या का साजिशकर्ता

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और मोस्ट वांटेड अनमोल बिश्नोई को पटियाला हाउस कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है। उसके खिलाफ 35 से ज्यादा हत्याकांड, 20 से अधिक अपहरण, फिरौती, धमकी और हिंसा से जुड़े मामलों में प्रत्यक्ष संलिप्तता के मजबूत सबूत मिले हैं। दरअसल, अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत में डिपोर्ट किया गया है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता अनमोल ▶▶ शेष पेज 6 पर

विधायक पाठक के खिलाफ प्रदर्शन

## जमीन घोटाले के आरोप में कलेक्ट्रेट का 'घेराव' किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




■ 1135 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े से खरीदी

आदिवासी जमीन घोटाले में घिरे विधायक संजय पाठक के खिलाफ बुधवार को कटनी में जोरदार प्रदर्शन किया गया। समाजसेवी एवं मामले के मुख्य शिकायतकर्ता दिव्यांशु मिश्रा 'अंशु' के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित कई आदिवासी संगठनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में शीघ्र, निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए डिप्टी कलेक्टर विन्की ▶▶ शेष पेज 6 पर

ईडी की 13 दिन की हिरासत में

## अल फलाह के 'मालिक' ने धोखे से 415 करोड़ बटोरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ ईडी ने कहा खाड़ी में भागने का खतरा

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को अल फलाह यूनिवर्सिटी के प्रमुख और संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि जवाद ने छात्रों और उनके अभिभावकों को धोखा देकर 415 करोड़ रुपए की कमाई की और उनके खाड़ी के देशों में भाग जाने का खतरा है जहां उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। सिद्दीकी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार करने से पहले दिनभर ▶▶ शेष पेज 6 पर

कड़ाके की सर्दी का दौर जारी : गुरुवार को 15 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट, राजधानी में रहेगी तीव्र शीतलहर

प्रदेश के मध्य हिस्से में ज्यादा ठंडक, दो दिन बाद प्रदेशभर में राहत

# शाजापुर सबसे ठंडा...पारा 6.4 डिग्री पर भोपाल लगातार 12वें दिन 9 डिग्री के नीचे

5 जिलों में पारा 8 डिग्री से कम

| शाजापुर | राजगढ़ | पचमढ़ी | इंदौर | शहडोल |
|---|---|---|---|---|
| 6.4 | 6.5 | 6.6 | 6.9 | 7.7 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित भोपाल संभाग के जिलों में ठंडक अधिक असर कर रही है। भोपाल में लगातार 12वें दिन बुधवार को रात का पारा 9 डिग्री के नीचे 7.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.6 डिग्री कम है। यहां सीवियर कोल्ड वेव रही।

एक दर्जन से अधिक जिलों में कोल्ड वेव का असर रहने से प्रदेशभर में ▶▶ शेष पेज 6 पर



शाम को छाया कोहरा, भोपाल के अटल पथ का दृश्य

### शहडोल में ठंड से युवक की मौत

**शहडोल।** शहर में पिछले कई दिनों से न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। इसी कड़ाके की ठंड के बीच कोतवाली क्षेत्र के वार्ड 30 कट्टी मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय बबलू सिंह की मौत हो गई। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि मृत्यु की वजह ठंड है। घटना के ▶▶ शेष पेज 6 पर




डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
The heart of Incredible India
मध्यप्रदेश पर्यटन
अब और अद्‌भुत
आज से शुरू
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा
देश में अंतर-राज्यीय वायु सेवा संचालित करने वाला
पहला राज्य मध्यप्रदेश
सप्ताह में 5 दिन संचालन
ईको-टूरिज्म सेक्टर भोपाल - पचमढ़ी - मढ़ई
वाइल्ड लाइफ सेक्टर जबलपुर - कान्हा - बांधवगढ़
स्पिरिचुअल सेक्टर इंदौर - उज्जैन - ओंकारेश्वर
पीएमश्री वायु पर्यटन सेवा
सप्ताह में 6 दिन संचालन
हेरिटेज सेक्टर
भोपाल - रीवा - सतना
सिंगरौली - खजुराहो
Booking Links www.flyola.in | air.irctc.co.in | transbharat.in
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11144/25
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025





## भोपाल में पहली बार देखी गई ऐसी 'गुंडागर्दी'

# राजा भोज परिसर में बाइक सवार 6 बदमाशों ने वाहनों में की तोड़फोड़


*कैमरे में कैद वारदात, चाकू चलाते नजर आए आरोपी*


*एक बलेनो कार का पीछा करते हुए घुसे थे परिसर में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजा भोज परिसर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे दो अलग-अलग बाइक से आए बदमाशों ने घर के सामने खड़ी कार और दो बाइक में तोड़फोड़ कर दी। बदमाश अपने साथ चाकू लेकर पहुंचे थे।

उन्होंने शोर किया और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर निकल गए। पुलिस ने उक्त मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनके तीन अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। हिरासत में लिए आरोपियों ने बताया कि बलेनो कार वाले ने संत आशाराम तिराहा पर उनकी बाइक को कट मारा था। इसके बाद बहस की और अपनी कार लेकर परिसर में घुसा था। आरोपी बलेनो कार की तलाश करते हुए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कार नहीं मिली तो गुस्से में उन्होंने दूसरी कार और दो बाइक में तोड़फोड़ कर दी।


सीसीटीवी में तोड़फोड़ करते कैद हुए आरोपी।


दूसरे चित्र में कार का टूटा हुआ कांच।

पुलिस के अनुसार तुषार श्रीवास्तव के रिश्तेदार राजाभोज परिसर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कार घर के सामने खड़ी की थी। रात में दो बाइक से आए 6 बदमाशों ने उनकी कार का आगे का कांच तोड़ दिया। इसके अलावा कार के ओआरवीएम पर भी धारदार हथियार से हमला किया था। इसके अलावा कार से कुछ दूरी पर खड़ी दो बाइक में भी तोड़फोड़ की थी।

पुलिस ने पड़ोसी मोहम्मद जहांगीर की शिकायत पर तोड़फोड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली। सीसीटीवी चेक करने के बाद पुलिस को दो बाइक के नंबर मिले। पुलिस ने आरिश, अनस और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। उन्होंने अपने तीन अन्य साथियों में केडी बच्चा, वहीद और शान के साथ मिलकर तोड़फोड़ की घटना करने की बात स्वीकार ली।

### गली का नहीं रहा याद

बलेनो कार का पीछा करते हुए आरोपियों ने राजाभोज परिसर में कट मारने वाले कार चालक का घर देख लिया था। वह साथियों को लेकर राजाभोज परिसर पहुंचे, लेकिन वह गली भूल गए और बलेनो नजर नहीं आई। लिहाजा उन्होंने नेक्सॉन कार और पास खड़े दो वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और भाग निकले थे।

# सेज छात्रों की गुटबाजी, कॉलेज से शुरू हुआ विवाद, फिर रेस्टोरेंट में बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद स्थित मैजिक स्पॉट कैफे में मंगलवार शाम तोड़फोड़ करने वाले युवाओं की पहचान कर ली गई है। उक्त मामले में आधा दर्जन छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, कैफे संचालक के भाई के दोस्त ने अपने गुट के साथ मिलकर एक छात्र की गौरीशंकर आवासीय परिसर के सामने कटारा हिल्स में दो दिन पहले पिटाई लगा दी थी। करीब 40 से ज्यादा युवाओं ने छात्र को पीटा था। सभी कार से उसकी तलाश करते हुए कटारा हिल्स के गौरीशंकर आवासीय परिसर गेट तक पहुंच गए थे। अपने साथ हुई मारपीट का बदला लेने छात्र ने बाहर से सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ने आए छात्रों का सहारा लिया और मारपीट करने वाले मुख्य युवा की तलाश में रेस्टोरेंट पहुंचा था। जब आरोपी वहां नहीं मिला तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर दी।

*राजधानी और मंडीदीप में रहने वाले छात्रों का अलग गुट*

*बाहरी छात्रों ने बना लिया गुट, तीन अलग-अलग गुट कर रहे बदमाशी*


कटारा हिल्स स्थित रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते आरोपी।

पुलिस के अनुसार सक्षम गोस्वामी मंडीदीप में रहता है और मिसरोद में मैजिक स्पॉट नाम से रेस्टोरेंट चलाता है। उसने पुलिस को फुटेज के साथ शिकायत करते हुए बताया कि रेस्टोरेंट पर मंगलवार शाम करीब 7 बजे दो दर्जन बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि सक्षम का भाई मोहित सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। उसका दोस्त अभिषेक राजपूत है। अभिषेक का कॉलेज में योगी से विवाद हो गया। अभिषेक ने कॉलेज के छात्रों को इकट्ठा किया और गौरीशंकर आवासीय परिसर के बाहर अस्सी फीट रोड पर योगी की पिटाई लगा दी।

योगी ने मारपीट की शिकायत कटारा हिल्स थाने में दो दिन पहले ही कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पूछताछ की तो पता चला कि अलग-अगल छह-सात कार में सवार होकर आए युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी।

### लेना चाहता था बदला

योगी सरेराह अपने साथ हुई मारपीट का बदला लेना चाहता था। उसे पता चला कि अभिषेक अपने दोस्तों के साथ मोहित के भाई सक्षम के कैफे में बैठता है। योगी ने दोस्तों को इकट्ठा किया और रेस्टोरेंट पहुंच गया था। वहां अभिषेक नहीं मिला तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर दी।

## हॉस्टल-मैस के खाने में गड़बड़ी पर चैटबोट पर कर सकेंगे शिकायत

**भोपाल।** केयरिंग फॉर अवर फ्यूचर के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने हॉस्टलों के छात्रों को डाइट चार्ट और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी है। जिसके तहत सरकारी और प्राइवेट हॉस्टल शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने भोपाल के सरकारी और प्राइवेट सभी तरह के हॉस्टलों में रहने वाले छात्रों के लिए वाट्सएप पर चेटबोट नंबर 9644072525 जारी किया है। जिस पर शिकायत की जा सकती है।

इस चेटबोट पर शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा, जिससे छात्र आसानी से शिकायत कर सकेंगे। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि हॉस्टलों में रहने वाले छात्रों की सेहत को लेकर विभाग सक्रिय है। यहां रहने वाले छात्र मैस के खाने के साथ बाहर बने फास्ट फूड और जंक फूड का ज्यादा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी सेहत खराब हो जाती है। अब तक पंद्रह से अधिक हॉस्टलों में छात्रों को जागरूक किया गया है।

# सर्दी में खुले आकाश के नीचे रात गुजारने वालों को आश्रय स्थल तक पहुंचाने में जुटे जेडओ-एएचओ

*निगम आयुक्त के देर रात आए आदेश, मैदान में दिखा असर...*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में फुटपाथ और रोड किनारे रात गुजारने वालों को रैन बसेरे पहुंचाने के देर रात आए निगम आयुक्त के आदेश पर असर मैदान में नजर आया। संबंधित जोन के जेडओ और एएचओ अपने वाहनों से फुटपाथ और रोड किनारे सोने वालों को रैन बसेरों में जाने की हिदायत देते रहे और पहुंचाने में जुट गए।

दरअसल, सर्दी को देखते हुए मंगलवार को रात 10 बजे के बाद निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सभी जोनल अधिकारियों एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में निगरानी करें और सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों पर रात गुजारने वालों को निगम के आश्रय स्थलों पर लाएं। इस आदेश के जारी होते ही 21 जोन के एएचओ अलर्ट मोड पर आए और मौके पर पहुंचे। रात करीब 12 बजे पुराने शहर के सिंधी कॉलोनी रोड, हमीदिया रोड,





डीआईजी बंगला क्षेत्र में फुटपाथ और रोड किनारे सोते मिले 6 लोगों को रैन बसेरे भेजा गया। जबकि हमीदिया रोड, नादरा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन क्षेत्र से भी लोग प्लेटफार्म नंबर-6, यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क, डीआईजी बंगला रैन बसेरे भेजे गए। इसी तरह कोलार, संत हिरदाराम नगर, होशंगाबाद रोड, बीएचईएल क्षेत्र, करोंद, भानपुर आदि क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी की गई और खुले आसमान के नीचे सोने वालों को रैन बसेरे में भेजा गया।

### आज भी होगी फील्ड में निगरानी

जोन अधिकारी राजेंद्र अहिरवार, एएचओ राजेश कुरील, मो शहाब खान, आसिफ नजीर सहित शहर के अन्य जोन के जेडओ और एएचओ देर रात तक सक्रिय रहे। उक्त अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी यह निगरानी जारी रहेगी।

### बेघरों, बेसहारा लोगों को आश्रय स्थल तक पहुचाएंः आयुक्त

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने समाजसेवियों से अपील की है कि वे बेघरों और बेसहारा लोगों को आश्रय स्थल तक पहुंचाएं, साथ ही दानदाताओं से भी अनुरोध किया है कि वे बेघरों की जरूरतों की सामग्री आश्रय स्थलों पर पहुंचाकर समाज सेवा के इस पवित्र कार्य को करें ताकि बेघरों की जरूरतें पूरी हो जाएं। इसके लिए वे अपने क्षेत्र के जोनल अफसरों से सम्पर्क कर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में एकजाई रूप से सामग्री दान कर सकते हैं।

## दिन-रात में 18 डिग्री का अंतर कर रहा बीमार

# धुंध-कोहरे से घिरी शहर की फिजा, सुबह 8.30 बजे 500 मीटर रह गई विजिबिलिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को भी कड़ाके की ठंडक रही, लेकिन रात में कोहरे का असर बढ़ गया। सुबह 8:30 बजे शहर में दृश्यता (विजिबिलिटी) 500 मीटर तक रह गई। इसके साथ ही शाम होते ही धुंध का असर बढ़ने से शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर रौनक बढ़ गई है। दिन और रात के तापमान में काफी अधिक अंतर रहने से लोगों को मौसमी बीमारियां जकड़ने लगी हैं। खांसी, सर्दी-बुखार इन दिनों आम बना हुआ है। बुधवार को शहर में दिन का पारा 25.6 और रात का 7.8 डिग्री रहा, जिसमें करीब 18 डिग्री का अंतर रहा है। दिन में मौसम सामान्य और शाम होते ही बर्फीली हवाएं असर दिखाने लगी हैं।


**स्थानः** पॉलिटेक्निक चौराहा। **समयः** शाम 5.30 बजे।

### अभी और बढ़ेगा कोहरा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं उत्तरी होने से अब कोहरे का असर बढ़ने लगा है। दिन में धूप और शाम को धुंध के बाद रात में कोहरा बढ़ रहा है। यह क्रम आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। बुधवार को सुबह दृश्यता 300 से 500 मीटर तक पहुंच गई, जो धूप का असर बढ़ने के साथ कम हो गई है।

### नमी बढ़ी, दो दिन बाद और बढ़ने के आसार

शुक्ला के अनुसार दो दिन पहले शहर की हवा में सुबह 8:30 बजे नमी की मात्रा 66 फीसदी तक थी, जो बुधवार को सुबह 88 फीसदी तक पहुंच गई है। बर्फीली हवाओं के नमी बढ़ने से अब कोहरे का असर बढ़ रहा है, जो दो दिन बाद और बढ़ सकता है।

## 3 गिरफ्तार, बाकी की तलाश में एमपी नगर पुलिस

# इस्तेमाल हो चुके स्टांप बेचकर राजस्व को चूना लगा रहे वेंडरों का भंडाफोड़

*पुलिस ने दी मामा चेंबर और एएम इंटरप्राइजेस पर दबिश तो हुआ खुलासा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर पुलिस ने फर्जी स्टांप बेचकर राजस्व को चूना लगाने वाले वेंडर, नोटरी सहित स्टांप की खरीद फरोख्त करने वाले आधा दर्जन लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि बोर्ड ऑफिस पर सारनाथ कांप्लेक्स में मामा चेंबर और एएम इंटरप्राइजेस उपयोग हो चुके चिपकाने वाले स्टांप बेचते हैं। पुलिस एएम इंटरप्राइजेस पहुंची। वहां प्रीतम प्रजापति मिला। उससे पूछताछ की गई और दुकान चेक की गई। इस दौरान दुकान में सुषमा साहू के स्टांप पेपर्स मिले, जिसमें एडवोकेट हेमेंद्र तिवारी, एडवोकेट





पवन प्रकाश के हस्ताक्षर थे। इसके अलावा दुकान से नोटरी की सील और रजिस्टर मिला।

पूछताछ में प्रीतम प्रजापति ने बताया कि यह दुकान आकाश और विकास साहू की है। दोनों स्टांप खरीदने और बेचने का काम करते हैं, जबकि स्टांप वेंडर सुषमा साहू है। दुकान पर नोटरी करने का काम हेमेंद्र तिवारी और पवन प्रकाश शर्मा का है। वे सुषमा साहू के कोरे वाले हरे और सफेद स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कर देते थे। इस्तेमाल हो चुके स्टांप पेपर आकाश औश्र विकास साहू दुकान से बेचते थे।

दुकान पर इस्तेमाल हो चुके चिपकाने वाले स्टांप को भी बेचा जाता था। इससे राजस्व को बड़ा नुकसान हो रहा था। पुलिस ने एएम चेंबर के बगल में संचालित हो रहे मामा चेंबर पर दबिश दी। इस दौरान पता चला कि उक्त चेंबर मामा उर्फ गणेश लोंगरे का है। चेंबर में गणेश लोंगरे का बेटा रोहित लोंगरे और नरेश सहरिया बैठता है और वह भी फर्जी स्टांप बेचते हैं।

पुलिस को एएम इंटरप्राइजेस में फर्जी स्टांप बेचने वाले आकाश और विकास साहू, स्टांप वेंडर सुषमा साहू, नोटरी हेमेंद्र तिवारी और पवन प्रकाश शर्मा की तलाश है। वहीं मामा चेंबर के गणेश लोंगरे उर्फ मामा की भी तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि वे अब तक राजस्व को कितना चूना लगा चुके हैं।

### आरिफ अफजल लाकर देता था स्टांप

पूछताछ में पता चला कि आरिफ अफजल दस नंबर मार्केट के पास रहता है। वह इस्तेमाल हो चुके वाले स्टांप की फोटो कॉपी कर नकली स्टांप को असली बताकर दुकान पर देता था। पुलिस ने मामा चेंबर से नरेश सहरिया को हिरासत में लिया। उसने बताया कि एक वर्ष से वह फ गणेश लोंगरे की दुकान पर काम कर रहा है। गणेश अपने बेटे रोहित लोंगरे के साथ यूस्ड स्टांप बेचने का काम करते हैं। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य युवक जतिन साहू और आरिफ अफजल को भी गिरफ्तार किया है।




# विवाह पंचमी 25 नवंबर को, जगह-जगह से निकलेगी बारात, होंगी मेहंदी और हल्दी की रस्में

*इन योग में भगवान श्रीराम और माता जानकी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि आती है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि विवाह पंचमी राम जानकी विवाह उत्सव 25 नवंबर मंगलवार को ध्रुव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शिववास योग के विशेष संयोग में मनाई जाएगी। इन योग में भगवान श्रीराम और माता जानकी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि आएगी। साथ ही दांपत्य जीवन में मधुरता और निकटता आएगी। इस दिन अबूझ मुहूर्त में शादियां भी होंगी और प्रमुख मंदिरों में श्रीराम विवाह के आयोजन किए जाएंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि इस दिन विशेष पूजा और व्रत करने से दाम्पत्य जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



शादी का फाइल फोटो

**रथ में विराजित कर निकालेंगे राम बारात**

## 24 नवंबर को शाम चार बजे गणेश पूजा, मंडप और अन्य रस्में होंगी

राजधानी में 25 नवंबर को राम बारात निकाली जाएगी। इस दौरान गणेश पूजा और हल्दी मेहंदी की रस्में भी होंगी। समाज के अध्यक्ष अशोक गुप्ता अंबर ने बताया कि इस साल 24 नवंबर को शाम चार बजे गणेश पूजा, पांच बजे मंडप और हल्दी-मेहंदी की रस्म होगी। 25 नवंबर को शाम चार बजे राम बारात निकाली जाएगी। भगवान राम रथ पर अपने भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ विराजमान रहेंगे। बारात पुराने शहर के रास्तों से होते हुए मंदिर लौटेगी। वहां राजा जनक और रानी सुनयना बारात की अगवानी करेंगे। आनंद नगर के श्रीराम मंदिर में अगहन पंचमी पर श्रीराम-सीता की वरमाला की रस्म होगी।

### शहर में दो बार निकलती है राम बारात

राजधानी में साल में दो बार राम बारात निकाली जाती है। पहली बारात शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर निकलती है। दूसरी बारात आगमन माह की विवाह पंचमी पर निकलती है। पौराणिक मान्यता अनुसार अगहन पंचमी को ही भगवान राम और सीता का विवाह हुआ था। शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर राम बारात निकलने की परपंरा 1960 में शुरू हुई थी।

**बिड़ला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन**

## माता-पिता संतान के प्रथम गुरु, पालनकर्ता और जीवनदाता हैं: पंडित रामकिशोर

**भोपाल**। सनातन परंपरा में नित्य भगवान सूर्य को अर्घ्य देना केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और स्वास्थ्य संबंधी साधना है। यह उद्गार बुधवार को श्री लक्ष्मी नारायण बिड़ला मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक पं. रामकिशोर वैदिक ने दिए।

उन्होंने माता-पिता को भगवान का अंश बताते हुए कहा कि वे संतान के लिए प्रथम गुरु, पालनकर्ता और जीवनदाता हैं। पं. रामकिशोर वैदिक ने श्रीमद् भागवत में भगवान श्रीकृष्ण के विवाहों का दिव्य महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण के 16 हजार 108 विवाह सांसारिक भोग की लालसा नहीं थे, बल्कि प्रत्येक विवाह के पीछे धार्मिक, दैवीय और आध्यात्मिक उद्देश्य निहित था। इनमें प्रमुख आठ रानियां थी, जिन्हें अष्टाभार्या कहा जाता है, रुक्मिणी, जांबवती, सत्यभामा, कालिंदी, मित्रविंदा, नाग्नजिति, भद्रा एवं लक्ष्मणा। शेष विवाह उन कन्याओं से हुए जिन्हें असुर नरकासुर ने बंदी बनाया था और जिन्हें श्रीकृष्ण ने मुक्त कर सम्मानपूर्वक पत्नी रूप में स्वीकार किया। श्री लक्ष्मी नारायण बिड़ला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।



व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त करते पूर्व मंत्री पीसी शर्मा।

**खबर संक्षेप**



### विश्व शौचालय दिवस पर केंद्र के बाहर बनाई रंगोली

**भोपाल**। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर निगम द्वारा सभी शौचालयों में न सिर्फ विशेष साफ-सफाई की गई, बल्कि पिपलानी, शिवाजी नगर सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में सुलभ जन सुविधा केंद्रों के बाहर रंगोली बनाई गई और परिसर को सजाया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया।

### डॉ. आरआर सेन बने नाई समाज के प्रदेशाध्यक्ष



**भोपाल**। पिछले दिनों भारतीय नाई समाज रजिस्टर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गजेंद्र सिंह ने डॉ. आर. आर. सेन को मध्य प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी में दो अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ भी की गईं जिसमें प्रदेश सचिव के रूप में रामसुंदर सेन व प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में छोटेलाल सेन को पदभार सौंपा गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक रामसखा नापित, सुनील कुमार सेन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। संगठन ने यह भी घोषित किया कि मध्य प्रदेश राज्य की बृहद कार्यकारिणी का गठन शीघ्र ही किया जाएगा।

### सत्यसाईं बाबा का जन्म उत्सव 23 नवंबर को

**भोपाल**। सत्यसाई सेवा संगठन द्वारा तुलसी नगर स्थित शांतिवन में सत्यसाईं बाबा जन्मोत्सव सप्ताह का आयोजन 23 नवंबर को किया जा रहा है। जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत भक्ति के साथ-साथ सेवा कार्य भी किए जा रहे हैं। इसके तहत आने वाले दिनों में ग्राम सेवा, हॉस्पिटल सेवा, निर्धन सेवा सहित अनेक कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही तुलसी नगर स्थित शांतिवन में भजन सहित सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं। जन्मोत्सव सप्ताह की शुरुआत सोमवार से हो गई है।

### जिनालय में सृष्टि मंगलम निजाश्रय 23 को

**भोपाल**। सूखी सेवनियां स्थित अहिंसा स्थली श्री त्रिमूर्ति जिनालय में सृष्टि मंगलम निजाश्रय आर्यिका रत्न 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी के निर्देशन में 23 नवंबर को प्रारंभ होने जा रहा है। दिगंबर जैन महासभा के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के सूत्रधार संजय जैन मुंगावली ने बताया की वृद्ध अवस्था में जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार श्रावक की क्रिया निरंतर चलती रहे एवं उनकी सेवा व्यवस्था इस निजाश्रय में होगी। उल्लेखनीय है की सृष्टि भूषण माताजी मानव सेवा धर्म लक्ष्य सिद्धांत को लेकर उन्होंने वृद्धा आश्रम, मानव सेवा आश्रम उनके निर्देशन में लगातार चल रहे हैं।

**जल्द मिल सकता है ओके-टू-रन के लिए ग्रीन सिग्नल**

# भोपाल मेट्रो: प्रायोरिटी कॉरिडोर में चल रहे कामों में आई तेजी, मौके पर पहुंचे अधिकारी

डीआरएम, अलकापुरी और एम्स मेट्रो स्टेशन पर दो शिफ्ट में चल रहा है फिनिशिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बुधवार को अधिकारियों का अलावा मैदानी अमला आम दिनों के बजाए ज्यादा सक्रिय नजर आया। जिन स्टेशनों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं वहां काम ने तेजी पकड ली। इन स्थलों पर दिनभर अधिकारियों की चहल-पहल रही। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि सीएमआरएस द्वारा ओके-टू-रन के लिए जल्द ही ग्रीन सिग्नल मिल सकता है।

मेट्रो प्रशासन का कहना है कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं उनसे मेट्रो के संचालन को लेकर मिलने वाली हरी झंडी में अड़चन नहीं है। मेट्रो के संचालन की तैयारियां पूरी हैं। बुधवार को केवी मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड के निर्माणाधीन स्थल पर कई अधिकारी-कर्मचारी नजर आए। उन्होंने यहां चल रहे कामों को देखा।

**केवी मेट्रो स्टेशन सहित स्टेशनों पर अधिकारी दिन भर दिखे**



केवी मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड के निर्माणाधीन स्थल का जायजा लेते अधिकारी-कर्मचारी

***सभी स्टेशनों पर एक एंट्री-एग्जिट बनकर तैयार***

*मेट्रो के सभी आटो स्टेशनों पर एक एंट्री-एग्जिट बनकर तैयार हैं। यहां सिक्योरिटी स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मेट्रो स्टेशन के अंदर भी तेजी से फिशिनिंग का काम चल रहा है। डीआरएम, अलकापुरी और एम्स मेट्रो स्टेशन के अंदर दो शिफ्ट में काम किए जा रहे हैं।*

### पार्किंग को लेकर भी हो रही प्लानिंग

मेट्रो प्रशासन ने पार्किंग के लिए भी जगह की तलाश करना शुरू कर दी है। हालांकि नगर निगम ने भी एमपी नगर में अपने पार्किंग स्थलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां बंद पार्किंग को भी जल्द ही व्यवस्थित कर उनका संचालन शुरू किया जाएगा।



भोपाल में मेट्रो ट्रेन की फाइल फोटो।

**16 हजार से ज्यादा फेस अटेंडेंस के लिए पंजीयन**

## 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी गैर-हाजिर, नहीं ढूंढ पा रहा निगम

***निगम प्रशासन लगातार 100 फीसदी फेस अटेंडेंस के लिए कर्मचारियों पर दे रहा है जोर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम प्रशासन ने भले ही अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हाजिरी फेस अटेंडेंस सिस्टम से लागू की है, लेकिन बीते करीब एक माह से लगातार दो से ढाई हजार कर्मचारियों की गैर-हाजिरी बनी हुई है, जबकि 16 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने इसके लिए पंजीयन कराए हैं।

गैर-हाजिर कर्मचारियों को ढूंढना खुद निगम के लिए टेढी खीर साबित हो रहा है, जबकि हाल ही में दैनिक वेतन भोगियों का 15 दिन का वेतन काटने का मामला प्रकाश में आने के बाद खासा हंगामा हो चुका है। किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए निगम प्रशासन लगातार फेस अटेंडेंस 100 फीसदी करने पर जोर दे रहा है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा।

**मंत्रियों और अधिकारियों के बंगलों पर भी कर रहे हैं ड्यूटी**

निगम के सूत्रों की मानें तो निगम के बडी संख्या में कर्मचारी मंत्रियों और अधिकारियों के बंगलों पर ड्यूटी दे रहे हैं। इन कर्मचारियों ने अपने पंजीयन तो कराए हैं, लेकिन कार्य स्थल पर पहुंचकर अटेंडेंस लगाने नहीं पहुंच रहे हैं। इसलिए उनकी गैर-हाजिरी दर्ज हो रही है।

### निगम में 16 हजार से ज्यादा हैं कर्मचारी

निगम में 16 हजार 600 से ज्यादा कर्मचारी हैं। इनमें 12 हजार 400 अस्थाई कर्मचारी (29 दिवसीय, 89 दिवसीय और विनियमित) हैं। 4 हजार 200 कर्मचारी नियमित हैं। निगम के आईटी सेल में कर्मचारियों ने पंजीयन करवाए हैं।

**जनजातीय कार्य विभाग के सामने अस्थाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन**

## अस्थाई कर्मचारियों की चेतावनी: सात दिन में आदेश निरस्त नहीं हुआ तो होगा जंगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले बुधवार को बैतूल जिले के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी भृत्य, अंशकालीन कर्मचारी सहायक आयुक्त जिला बैतूल के कर्मचारी विरोधी आदेश के विरोध में कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अरेरा हिल्स में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन करने वाले अस्थाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में आदेश निरस्त नहीं किया गया तो कर्मचारी जंगी आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को ज्ञापन सौंप कर कर्मचारी विरोधी आदेश को निरस्त करने की मांग की। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला बैतूल ने विकासखंड अधिकारियों को आदेश जारी करके निर्देश दिए हैं कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, भृत्य एवं अंशकालीन कर्मचारियों को सेवा में न रखा जाए जिस कारण विकासखंड अधिकारी वर्षों से सेवा कर रहे दैनिक वेतन भोगी भृत्य एवं अंशकालीन कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर रहे हैं। सहायक आयुक्त जिला बैतूल जनजातिय कार्य विभाग ने अस्थाई कर्मचारियों के विरोध में यह आदेश जारी किया है। इस प्रकार का आदेश मप्र के की किसी भी जिले में जारी नहीं किया गया।





मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले प्रदर्शन करते दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी।

### हाइपोथायरायडिज्म और मोटापा विशेषज्ञ सेंटर में पंजीयन शुरू

**भोपाल**। शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय में हाइपोथायरायडिज्म और मोटापा विशेषज्ञ यूनिट को एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। इस विशेष यूनिट में थायरायड से जूझ रहे 18 से 60 वर्ष के मरीजों को शामिल किया जाएगा। यूनिट में पंजीयन से लेकर सभी जांच के साथ मरीजों को भर्ती करने की भी सुविधा होगी। मालूम हो कि इस यूनिट का संचालन आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यहां वजन और थायरॉयड असंतुलन से जूझ रहे मरीजों को समग्र और वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध कराया जाता है। मरीज सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक फोन नंबर 0755-2992970 पर कॉल करके अपना पंजीयन करा सकते हैं। हाइपोथायरायडिज्म में वजन बढ़ना एक जटिल और आम समस्या है।

**निर्भया की डायरेक्टर ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत दी जानकारी**

## सुल्तानिया गर्ल्स स्कूल की 200 छात्राओं ने सीखे शोषण से बचने के उपाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चे, किशोरियों और महिलाओं के बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया है। जिसको लेकर स्कूली और कॉलेज की छात्राओं को बच्चे और महिलाओं से जुड़े अपराधों की जानकारी दी जाती है। जिसके तहत बुधवार को निर्भया फाउंडेशन की डायरेक्टर समर खान ने शाहजहांनाबाद स्थित सुल्तानिया गर्ल्स स्कूल की दो सौ से अधिक छात्राओं को गुड टच, बेड टच, साइबर अपराध और बच्चों से जुड़े अपराधों के बारे में जानकारी दी।

छात्राओं को बताया गया कि वह अपने आसपास बच्चों और महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर भी नजर रखें, जिससे इन अपराधों की रोकथाम की जा सके। फाउंडेशन की डायरेक्टर के साथ ऑपरेशन मुस्कान से जुड़ी पुलिस की महिला अफसरों ने बच्चों और छात्राओं को जागरूक करने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। समर खान ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा है। स्कूल की प्रिंसिपल रुबीना खान ने भी छात्राओं को जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारती नरवरे और किरण अहिरवार ने भी बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां साझा कीं। छात्राओं को बताया गया कि साइबर अपराध का पता चलने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल किया जा सकता है।



छात्राओं को जानकारी देते हुए निर्भया फाउंडेशन की डायरेक्टर समर खान।

**स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक**

## विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना को बढ़ाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूलों में नेशनल केडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए ठोस पहल की जाएगी। प्रदेश में 5 एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी की स्थापना में स्कूल शिक्षा विभाग हर संभव मदद करेगा। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में बुधवार को एनसीसी राज्य सलाहकार समिति की बैठक के दौरान कही।

उन्होने बताया कि भोपाल, जबलपुर और सागर में बनने वाली ट्रेनिंग अकादमी को भूमि का आवंटन हो चुका है। प्रदेश में एनसीसी के विस्तार के लिए राज्य शासन की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कैडेट्स को ट्रेनिंग के दौरान सुविधा

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 45 एनसीसी यूनिट में से केवल एक यूनिट एनसीसी सागर का संचालनालय कौशल विकास जबलपुर द्वारा किया जा रहा है। इस बटालियन को एनसीसी संचालनालय में हस्तांतरित किए जाने की आवश्यकता है। बैठक में बताया गया कि राज्य शासन को एनसीसी केडेट को दिए जाने वाले भत्तों में वृद्धि का प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। इससे केडेट्स को ट्रेनिंग के दौरान सुविधा हो रही है।

**गायिका फाल्गुनी पुरोहित को किया सम्मानित**

**शहरवासियों ने निरंतर सकारात्मक योगदान दिया है: मंत्री सारंग**

## स्वच्छता में सहभागिता को मिला सम्मान, भोपाल को देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले समूहों, स्वच्छता एम्बेसडर्स, स्वच्छाग्राही व सफाई मित्रों को नगर निगम भोपाल द्वारा बुधवार को मानस भवन में आयोजित सेवा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

शहर की स्वच्छता को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों को 250 सेवा सम्मान दिए गए, जबकि स्वच्छ सहयोगी विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रगीत वन्देमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष प्रस्तुति देने वाली गायिका फाल्गुनी पुरोहित को भी शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मौजूद लोगों ने भोपाल को देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाने का संकल्प लिया। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता आज एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है और इसका प्रभाव हर शहर में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, आदत बननी चाहिए। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो भोपाल देश का सबसे स्वच्छ तथा सबसे सुंदर शहर बन सकता है। आज दिया गया सम्मान उन नागरिकों का सम्मान है, जिन्होंने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया है। महापौर मालती राय ने कहा कि स्वच्छता किसी एक संस्था या वर्ग का कार्य नहीं, बल्कि हर निवासी की समान जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर राष्ट्रगीत वन्देमातरम की उनकी प्रस्तुति ने स्वच्छता, योग और देशभक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। समारोह में विधायक भगवानदास सबनानी, निगम आयुक्त संस्कृति जैन के अलावा आरके सिंह बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती, राजेश हिंगोरानी, मनोज राठौर, सुषमा बाबीसा, बृजुला सचान आदि मौजूद थे।





समारोह को संबोधित करते मंत्री विश्वास सारंग।

**इनका भी हुआ सम्मान**

सम्मान समारोह में मुस्कान, आरंभ, बचपन, उदय, संगनी, हेल्प बॉक्स, निर्माण परिवर्तन, स्वच्छता किटी, सकारात्मक सोच, मात्र शक्ति आदि समूहों सहित स्वच्छता एम्बेसडर्स और सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कार्यकर्ताओं की तपस्या से ही भाजपा की विजय यात्रा निरंतर बढ़ रही है आगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सतना जिले के नागौद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की हर उपलब्धि के मूल में कार्यकर्ताओं का परिश्रम और राष्ट्रभाव निहित है। कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण से ही भाजपा की विजय यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में उभरा है। कार्यकर्ताओं के बिना सरकार की उपलब्धियों को भी जनता तक पूरी तरह से नहीं पहुंचाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय नहीं होता, बल्कि वर्ष भर सेवा, संपर्क और संघर्ष के माध्यम से समाज के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करता है और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करता है। सम्मेलन में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता 24 कैरेट खरे सोने के सिक्के की तरह



**मुख्यमंत्री ने सतना जिले के नागौद में सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की**

सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 24 कैरेट खरे सोने के सिक्के की तरह है। कार्यकर्ताओं को जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उसे सर्वोच्च प्राथमिकता व पूरी निष्ठा से निभाते हैं। भाजपा का हर कदम कार्यकर्ताओं की शक्ति पर आधारित है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश के विकास की गति और तेज होगी और उसका लाभ प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों, कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें।

## पद से पहले संगठन और व्यक्ति से पहले कार्यकर्ता को सम्मान




सम्मेलन के दौरान मंचासीन सीएम डॉ. मोहन, मंत्री बागरी और भाजपा पदाधिकारी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां पद से पहले संगठन और व्यक्ति से पहले कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। यह भाजपा के अलावा किसी भी अन्य राजनीतिक दल में संभव नहीं है, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के आधार पर ही आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं को जितना सम्मान भाजपा संगठन में मिलता है, उतना किसी भी अन्य दल में नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि भाजपा की विजय यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर जनसेवा और संगठन विस्तार ही हर कार्यकर्ता का ध्येय होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज सिवनी प्रवास पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल आज गुरुवार को सिवनी, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। खण्डेलवाल सिवनी में सुबह 10 बजे अपेक्षित श्रेणी की बैठक एवं 11.30 बजे कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे भाजपा जिला कार्यालय बालाघाट में एसआईआर की बैठक को के पश्चात कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 'स्वदेशी मेला' में शामिल होंगे।



### संविद नीति के विरोध में आज प्रदर्शन करेंगे कर्मी

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र के सामने गुरुवार को संविदा कर्मचारी 22 जुलाई 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग से जारी संविदा नीति के विरोध में घंटी, थाली, चम्मच, लोटा बजाकर प्रदर्शन करेंगे। मप्र संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा इसमें सुधार को लेकर जो घोषणा की गई थी उसके अनुसार आदेश जारी नहीं किए गए हैं। 20 नवंबर को संविदा कर्मचारियों द्वारा घंटी बजाई जाएगी और अधिकारियों को नींद से जगाया जाएगा।

### सहकारी सप्ताह समापन समारोह आज

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग 20 नवंबर को 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समापन समारोह में शामिल होंगे। इसमें परिचालन दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने विषय पर चर्चा होगी। यह समारोह अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह समन्वय भवन, अपेक्स बैंक, भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

## एसआईआर की रफ्तार बढ़ाने वोटर लिस्ट का सर्च इंजन लॉन्च, खामियों के कारण लोगों को खास फायदा नहीं

# शंकरलाल का नाम सर्च किया तो सीरियल नंबर पर मिला रामकिशन

## वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने पर भी सर्च इंजन में नो रिजल्ट शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पिछड़ने के बाद भोपाल जिला निर्वाचन कार्यालय ने एसआईआरभोपाल डॉट कॉम नाम से वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट का पोर्टल लॉन्च किया है, जिसमें पहले दिन 11 लाख 81 हजार 531 मतदाताओं में से पांच लाख वोटर्स का डेटा ही अपलोड किया जा सका है। पोर्टल में जब शंकर लाल निवासी मालीखेड़ी का नाम सर्च किया गया, तो शंकर लाल के सीरियल नंबर पर रामकिशन का नाम आया। इधर, मुमताज और उनके पिता का नाम सर्च करने पर नो रिजल्ट शो हुआ। जबकि इनका नाम गोविंदपुरा की वोटर लिस्ट में दर्ज है। इस तरह मतदाताओं की सहुलियत के लिए लांच किया गया एसआईआरभोपाल डॉट कॉम के पोर्टल की खामियों से लोगों को खासा फायदा नहीं मिला। इधर, अफसरों का दावा है कि जल्द ही पोर्टल की खामियों को दूर कर लिया जाएगा। इसके साथ शेष एक हजार मतदान केंद्रों की जानकारी भी अपलोड कर दी जाएगी।

राजधानी के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं में से 42 हजार 474 मतदाताओं को अब तक गणना पत्रक ही नहीं बांटे गए हैं। इधर जिन 20 लाख 83 हजार 434 को गणना पत्रक दिए गए हैं, उनके फार्म भी बीएलओ अब तक वापस नहीं ले पाए हैं। बीएलओ अब तक जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 1 लाख 97 हजार 441 फार्म ही बीएलओ एप पर डिजिटाइज हो पाए हैं। बुधवार को भी 2029 बीएलओ की मॉनीटरिंग के लिए 250 सुपरवाईजर्स ने बीएलओ से दो-दो घंटे में काम का अपडेट लिया, लेकिन प्रोग्रेस नहीं हो पाई। हालांकि शाम तक 9.29 प्रतिशत काम हुआ है।

### नरेला में 108 वोटर्स की जांच करने पहुंचे तहसीलदार



रोशनपुरा क्षेत्र में कार्य करते बीएलओ।

नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित रतन कॉलोनी के 800 वर्गफीट के एक मकान में 108 मतदाताओं के नाम सामने आने के बाद बुधवार को गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा मौके पर पहुंचे, हालांकि इस मामले की जांच संयुक्त संचालक निर्वाचन आयोग संजय श्रीवास्तव को सौंपी गई है। इन मतदाताओं को एबसेंट दर्ज किया गया है।

### पोर्टल में अब माता-पिता, दादा-दादी रिश्तेदार का ऑप्शन भी

गणना फार्म में पहले जहां रिश्ते में पिता और दादा के नाम का ऑप्शन था, जिसकी वजह से कई मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज करने में दिक्कत आ रही थी। अब इसमें रिश्ते में माता-पिता और दादा-दादी का ऑप्शन खुल रहा है, जिससे एसआईआर के काम में तेजी आने की उम्मीद है।

### एसआईआरभोपाल डॉट कॉम पोर्टल लॉन्च, मिलेगी सुविधा

भोपाल में वर्ष-2003 की गोविंदपुरा, उत्तर, दक्षिण पश्चिम और बैरसिया विधानसभा में नाम सर्च करने के लिए एसआईआरभोपाल डॉट कॉम पोर्टल लांच किया है। जिससे लोगों को नाम सर्च करने में मदद मिलेगी।

### एसआईआर में लापरवाही, एक बीएलओ सस्पेंड, चार को नोटिस

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह बीएलओ के काम की प्रत्येक दो-दो घंटे में मॉनिटरिंग कर रहे हैं, लेकिन बीएलओ मनमानी पर उतारु हैं। बुधवार को कलेक्टर ने एक बीएलओ को सस्पेंड कर चार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि महेश कुमार राज हेडमास्टर शासकीय माध्यमिक शाला मिसरोद को काम नहीं करने पर सस्पेंड किया गया है। जबकि मनोज कुमार चौधरी सहायक संचालक कृषि, मोहनलाल विश्वकर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक बबचिया, नीता यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक एमपी नगर और महेश मूलचंदानी प्राचार्य राज्य शिक्षा केंद्र को नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा 6 बीएलओ को अच्छा काम करने पर सम्मानित भी किया है।

## एसआईआर कार्य के लिए प्रत्येक मतदाता के घर अनिवार्य रूप से जाएं बीएलओ



बैठक में दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते सीईओ मप्र झा।

- सीईओ मप्र संजीव कुमार झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव कुमार झा ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाने को लेकर चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि एसआईआर कार्य के लिए बीएलओ अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मतदाता के घर जाएंगे और मतदाता का भौतिक सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रमण आधारित सत्यापन से न केवल नई मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया मजबूत होगी, बल्कि त्रुटियों में भी सुधार होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करने का आग्रह किया है। जिससे मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त किए। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में आम आदमी पार्टी से सुमित सिंह चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल चौहान, भारतीय जनता पार्टी से भगवानदास सबनानी, रजनीश अग्रवाल, एसएस उप्पल, कांग्रेस सज्जन सिंह वर्मा, जेपी धनोपिया, ललित सेन, सीपीआई मार्स्कसिस्ट वीवी रामचंद्रन, पूषन भट्टाचार्य उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश सिविल जज भर्ती प्रक्रिया पर सवाल

# भूरिया बोले- आदिवासी कोटे के 121 पद में एक भी आदिवासी का चयन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सिविल जज परीक्षा-2022 के परिणाम अब बड़े राजनीतिक विवाद में बदल गए हैं। 191 पदों में से 121 पद आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित थे, लेकिन इनमें से एक भी आदिवासी उम्मीदवार का चयन नहीं हुआ। इस मुद्दे को लेकर आदिवासी कांग्रेस ने सरकार और चयन प्रक्रिया दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत



प्रेसवार्ता को संबोधित करते विधायक डॉ. विक्रांत।

भूरिया और प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने सरकार और चयन प्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। विक्रांत भूरिया के मुताबिक राज्य में सबसे अधिक आदिवासी आबादी होने के बावजूद एक भी योग्य उम्मीदवार न मिलना बेहद गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में लाखों आदिवासी पढ़ रहे हैं, वहां एक भी उम्मीदवार सिविल जज बनने लायक नहीं मिला। यह अपने आप में सिस्टम पर सबसे बड़ा सवाल है। भूरिया ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया इतनी जटिल और उलझी बनाई गई है कि आदिवासी और कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी शुरूआत में ही बाहर हो जाते हैं। भूरिया ने कहा कि परीक्षा हाईकोर्ट की निगरानी में जरूर होती है, लेकिन जो समिति सिलेबस बनाती है, नियम तय करती है। उसमें आदिवासी और दलित वर्ग का प्रतिनिधित्व ही नहीं है। इसी वजह से प्रक्रिया अभ्यर्थियों के अनुकूल नहीं बन पा रही है।

### शिक्षा विभागः मृत शिक्षकों से पूछा कि ई-अटेंडेंस क्यों नहीं की?

**रीवा।** शिक्षा विभाग ने ई-अटेंडेंस सिस्टम के तहत कार्रवाई करते हुए 1500 से ज्यादा शिक्षकों को नोटिस भेजे। इनमें तीन ऐसे शिक्षक भी शामिल हो गए, जिनकी मौत कई महीने या साल पहले हो चुकी है। नोटिस में शिक्षकों से पूछा गया कि वे एप पर हाजिरी क्यों नहीं लगा रहे। साथ ही तीन दिन में जवाब नहीं देने पर वेतन काटने की चेतावनी भी दी गई। गलती सामने आते ही विभाग ने इसे डेटा अपडेट की त्रुटि बताया है और सुधार का आश्वासन दिया है। मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में कुछ समय पहले ई-अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया है। विभाग इसे लेकर सख्ती बरत रहा है। इसी सख्ती के तहत रीवा में 1500 से ज्यादा शिक्षकों को नोटिस भेजे गए कि वे एप पर हाजिरी क्यों नहीं लगा रहे। इन शिक्षकों में 3 ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। नोटिस में शिक्षकों से पूछा गया कि वे एप पर हाजिरी क्यों नहीं लगा रहे हैं।

## बंगरसिया से सीआरपीएफ का इंस्पेक्टर गिरफ्तार, नौकरी लगवाने के नाम पर वसूली करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीआरपीएफ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उम्मीदवारों से नौकरी लगवाने के नाम पर मोटी रकम वसूलने के मामले में सीबीआई ने बंगरसिया के एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आरोपी इंस्पेक्टर अच्युतानंद आजाद को 17 नवंबर की रात 8.55 बजे गिरफ्तार किया था। 18 नवंबर को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश भोपाल की अदालत में पेश किया गया।

आरोपी को 20 नवंबर तक दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई (एसीबी) भोपाल ने 2 सितंबर 2025 को अच्युतानंद आजाद, निरीक्षक, सीआरपीएफ बंगरसिया, भोपाल के विरुद्ध यह कार्रवाई की है। इसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के अंतर्गत धारा 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित 2018) की धारा 7 के अंतर्गत एक नियमित मामला रजिस्टर किया था। अच्युतानंद आजाद पर आरोप है कि उसने अन्य अज्ञात लोगों के साथ आपराधिक षड्यंत्र किया। उसने वर्ष 2023-2025 की अवधि के दौरान अवैध धन उगाही की। यह उगाही सीआरपीएफ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विभिन्न पदों पर चयन कराने के बहाने संभावित उम्मीदवारों और उनके रिश्तेदारों से की गई है। सीबीआई के अनुसार जांच के दौरान यह पता चला है कि अच्युतानंद आजाद ने अपने बैंक खाते में, अपनी पत्नी के बैंक खातों में और अपनी साझेदारी फर्म परी तितली इंटरप्राइजेज के खाते में बिचौलियों से कई उम्मीदवारों से मोटी रकम वसूली थी।

## जनसंपर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला में हुए माइंड स्टॉर्मिंग सेशन

# न्यूज मेकर बनें जनसंपर्क अधिकारी, जनकल्याण के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएंः आयुक्त सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी न्यूज मेकर बनें। वे जनता के कल्याण के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल, सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाएं। साथ ही जनता की भावनाओं, आवश्यकताओं से निरंतर शासन और प्रशासन को अवगत कराएं। वे मीडिया, अधिकारिओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद और सम्पर्क कर जनहित में सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करें।

जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना बुधवार को होटल अशोका लेक व्यू में जनसंपर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में अपर संचालक जीएस वाधवा एवं संजय जैन संयुक्त संचालक पंकज मित्तल, अशोक मनवानी, आरआर पटेल सहित प्रदेश के सभी संभागीय और जिला जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक माइंड स्टॉर्मिंग सेशन हुए, जिनमें आयुक्त जनसंपर्क ही सक्सेना और विषय विशेषज्ञों की ओर से जनसंपर्क अधिकारियों से गहन संवाद किया गया।

### जनसंपर्क विभाग जनता और शासन के बीच सेतु




राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना।

आयुक्त सक्सेना ने कहा कि जनसंपर्क विभाग जनता और शासन के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है। एक ओर जहां विभाग जनता की भावनाओं को शासन प्रशासन को संप्रेषित करता है, वहीं दूसरी ओर शासन की योजनाओं और कार्यों को आम जनता तक पहुंचाता है। विभाग मीडिया के सहयोग से इस कार्य को बखूबी अंजाम देता है। जनसंपर्क अधिकारी अपनी इस ताकत को पहचाने और कार्य करें।

### पॉजिटिव न्यूज़ फोल्डर का करें व्यापक प्रचार प्रसार

आयुक्त सक्सेना ने बताया कि जनसंपर्क संचालनालय की ओर से प्रतिदिन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया की खबरों के आधार पर एक डिजिटल पॉजिटिव न्यूज़ फोल्डर तैयार किया जाता है, जिसमें शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रदेश के प्रत्येक जिले की उपलब्धियां को प्रमुखता से लिया जाता है।

### रियल टाइम रिपोर्टिंग पर ध्यान देंः सक्सेना

आयुक्त सक्सेना ने कहा कि बीते वर्षों में मीडिया का परिदृश्य बहुत बदल गया है। आज रियल टाइम रिपोर्टिंग की आवश्यकता है। जनसंपर्क अधिकारी प्रिंट मीडिया को समाचार देने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल/ मीडिया को भी उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समाचार उपलब्ध कराए। उसे नए मीडिया के साथ भी कदम-ताल मिलाकर चलना होगा। जनसंपर्क अधिकारी केवल शासकीय बैठकों और कार्यक्रमों के कवरेज तक ही सीमित न रहें, अपितु फील्ड में जाकर जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं को समझें तथा समाचार बनाएं।

### हेडिंग और वन लाइनर्स पर ध्यान देंः आयुक्त

जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि मीडिया के बदलते हुए स्वरुप के अनुसार अब जनसंपर्क अधिकारी समाचारों की हैडिंग और वन लाइनर्स पर विशेष ध्यान दें। शासन के प्राथमिकता वाले विषयों जैसे किसान, महिला, बच्चे, युवा कल्याण, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए. शासन के मेगा प्रोजेक्ट का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि शासन के प्रचार-प्रसार में जिला कार्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी जिला जनसंपर्क कार्यालयों को आवश्यक संसाधन और मैनपॉवर देकर सशक्त बनाया जाएगा। आयुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित प्रत्येक जनसंपर्क अधिकारी से संवाद किया, कार्य के संबंध में मार्गदर्शन दिया और समस्याओं का निराकरण किया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## पेज एक का शेष....

### पन्ना में 15 ....

के विकास को नई उड़ान देने के लिए राज्य सरकार पन्ना में 15 करोड़ की लागत से डायमंड बिजनेस पार्क तैयार कर रही है। यह पार्क पन्ना की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा। इसके साथ-साथ बड़ागांव में 40 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क का विकास लगभग पूर्ण है। वर्षों से बंद पड़ी एनएमडीसी परियोजना को पुनः शुरू कराया गया है, जिससे बड़े स्तर पर हीरो का खनन एक बार फिर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना टाइगर रिज़र्व वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। सरकार द्वारा होम-स्टे, एडवेंचर टूरिज्म और कनेक्टिविटी सुधारने के प्रयासों से क्षेत्र के विकास को गति मिल रही है।

### साईं बाबा का...

लिए मार्गदर्शक शक्ति है। उन्होंने ये भी कहा कि 140 देशों में सत्य साईं बाबा के लाखों भक्तों को नई रोशनी और दिशा मिल रही है। लोकल फॉर वोकल पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे देश को विकसित भारत बनने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और अन्य कई बड़े नाम भी मौजूद रहे।

### एसआईआर का काम...

आयोग की डायरेक्टर ने इन कलेक्टरों से कहा कि यदि अगली मीटिंग से पहले एसआईआर डिजिटलाइजेशन में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। समीक्षा बैठक में मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर भी इस काम में तेजी लाने के लिए कहा है। चुनाव आयोग के अफसरों ने एसआईआर के गणना पत्रक वितरण और डिजिटलाइजेशन को लेकर कलेक्टरों के साथ बातचीत की।

### भोपाल में 8.77...

मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर विधानसभा में 4.38 फीसदी, 5.69 और 10.80 फीसदी गणना पत्रक डिजिटलाइज हुए हैं। भोपाल जिले का औसत डिजिटलाइजेशन 8.77 फीसदी है।

### नायब तहसीलदार और...

और बापी ताड़ (55) को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी शोकसिंह (31) फरार है। तीनों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बालाघाट में नक्सलियों ...

शर्मा को गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नरसिंहपुर एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना, एएसपी संदीप भूरिया समेत पुलिस बल आशीष शर्मा के घर के लिए रवाना हो गया है। एएसपी ने बताया कि अभी शहीद के घर में जानकारी नहीं दी है। सिर्फ उनके भाई को बताया है, जो पार्थिव शरीर लेने बालाघाट के लिए रवाना हो गए हैं। इधर, मुख्यमंत्री ने इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के निधन पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा के परिवार में छोटे भाई को नौकरी देने और शासन के नियमानुसार पूरी सहायता प्रदान करने की बात कही।

### जनवरी में होने ....

पर पुरस्कार स्वरूप मध्य प्रदेश सरकार ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया था। पिछले दो साल में भारत सरकार से उन्हें दो वीरता पदक मिले। पारिवारिक मित्रों ने बताया कि आशीष शर्मा की शादी तय हो गई थी। दो महीने बाद जनवरी में शादी होनी थी।

### आज 10वीं बार...

भी शामिल होंगे। साथ ही 150 मेहमानों को भी निमंत्रण भेजा गया। इससे पहले बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, सुबह 11 बजे पटना के भाजपा ऑफिस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया है। विजय सिन्हा को विधानमंडल का उपनेता चुना गया है। मतलब सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा दोनों डिप्टी सीएम होंगे। जानकारी के मुताबिक नीतीश के साथ-साथ सम्राट और विजय सिन्हा भी डिप्टी सीएम की शपथ ले सकते हैं।

### आईएएस लवानिया कृषि....

सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत पांच साल के लिए की गई है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की ओर से राज्य की मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में लवानिया को तुरंत राज्य सरकार की ड्यूटी से मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। लवानिया फिलहाल जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड में मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं।

### एनआईएः 35 से ...

को 19 नवंबर को आईजीआई एयरपोर्ट पर एनआईए और दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार किया। उसे सीधे सुरक्षा घेरे में पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया गया। पूरे घटनाक्रम की इन-कैमरा सुनवाई की गई, जिसमें मीडिया सहित बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया। एजेंसी ने कोर्ट में दलील दी कि अनमोल के पास भारत के दो पासपोर्ट मिलने का मामला फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल की ओर इशारा करता है, जो उसके आपराधिक नेटवर्क की गहराई को दर्शाता है। अनमोल 2022 से फरार था, नवंबर 2023 में अमेरिका में पकड़ा गया था। वह सिद्धू मूसेवाला की हत्या, अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग और बाबा सिद्दीकी की हत्या सहित कई हाई-प्रोफाइल मामलों में वांछित था।

### जमीन घोटाले के....

सिंहमारे एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया को विस्तृत मांग-पत्र सौंपा। आरोप है कि विधायक पाठक ने अपने चार आदिवासी कर्मचारियों नत्थू कोल, प्रहलाद कोल, राकेश सिंह गौड़ और रघुराज सिंह गौड़ को मोहरा बनाकर डिंडोरी, जबलपुर, उमरिया, कटनी व सिवनी में लगभग 1135 एकड़ आदिवासी बैगा समाज की जमीन फर्जीवाड़े से खरीदी।

ज्ञापन में कहा गया कि 29 सितंबर 2025 को कलेक्टर को तथा 9 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक को विस्तृत दस्तावेजों सहित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। पिछले 25 वर्षों के बैंक खातों के वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड भी न जांच अधिकारी ने मांगा, न प्रशासन ने संकलित किया।

### अल फलाह के...

अल फलाह समूह के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए आत्मघाती हमले के बाद जांच के दायरे में आ गई। जिस आतंकी मॉड्यूल ने इस हमले को अंजाम दिया उसके कई सदस्य अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए थे। एजेंसी ने कहा कि सिद्दीकी और उनके निर्देशन में काम करने वाले अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट ने छात्रों और अभिभावकों को नैक मान्यता और यूजीसी की पहचान के बारे में झूठे दावे कर गुमराह करके 415.10 करोड़ की राशि जुटाई।

### शाजापुर सबसे ठंडा...

कड़ाके की सर्दी जारी है। बुधवार को सीहोर, खंडवा, खरगोन, शहडोल और जबलपुर जिलों में शीतलहर और भोपाल, राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले कुछ दिनों में रात के तापमान में बढ़त होगी। गुरुवार को कुछ जिलों में सीवियर और कुछ जिलों में कोल्ड वेव रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 22 नवंबर को बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने से हवाएं पूर्वी होंगी, जिससे प्रदेश में सर्दी से राहत मिलेगी। गुरुवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव रहेगी। खंडवा, खरगौन, बड़वानी, देवास, शिवपुरी, सतना, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, छतरपुर जिलों में शीतलहर रहने का अलर्ट है।

### शहडोल में टंड...


बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए सवाल उठाए थे। इसी संदेह को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने बबलू का विसरा जांच के लिए भेजने का निर्णय लिया है। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले कोरबा में रहने वाला मृतक का साला यहां आया था और दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। इसी को आधार बनाकर घरवालों ने संदिग्ध मौत की आशंका जताई है। हालांकि, मौके पर पहुंची एफएसएल टीम और पुलिस ने जांच के दौरान शव पर ऐसी कोई चोट नहीं पाई, जिससे मौत हुई हो। जांच के बाद शॉर्ट पीएम मृत्यु का कारण ठंड बताया गया है।

## नई वेब सीरीज: छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका



**नई दिल्ली।** सिंगल मदर्स पर तो हमने कई दिलचस्प कहानियां देखी हैं। लेकिन, इस बार बात 'सिंगल पापा' की है। यह सीरीज 12 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। ओटीटी पर एक नई कॉमेडी सीरीज 'छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका' आ रही है, जिसमें कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। उनके किरदार का नाम 'जीजी' है। एक ऐसा इंसान जिसकी उम्र तो बढ़ गई, लेकिन हकरतें बच्चों वाली हैं। ऊपर से बीवी ने तलाक दे दिया है। मजेदार बात यह कि अपने बाकपन में बिना सोचे-समझे, जीजी एक बच्चे को गोद ले लेता है। अब इसके बाद उसका क्या होता है, यह देखने लायक होगा। 'सिंगल पापा' एक नई फैमिली कॉमेडी वेब सीरीज है। फर्स्ट लुक पोस्टर आ गया है। यह शो आज के इस नए जमाने में पिता बनने के बाद उथल-पुथल भरी जिंदगी पर मजेदार और मार्मिक नजर डालती है। शो में कुणाल खेमू के साथ प्राजक्ता कोली, आयशा रजा और मनोज पाहवा भी हैं कहानी का नायक गौरव गहलोत है, जो एक हट्टा-कट्टा पुरुष है, लेकिन दिमाग बालकों वाला है। गौरव गहलोत उर्फ जीजी की उम्र तो बढ़ गई, लेकिन अक्ल और भावनाएं बचपने में ही अटकी हैं। जीजी का नया-नया तलाक हुआ है। रिश्ता टूटने का उसे दर्द तो है, लेकिन इससे उबरने के लिए वह जल्दबाजी में एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। अब बच्चे की परवरिश करना कोई आसान बात तो है नहीं, खासकर जीजी के लिए और भी सिंगल पापा बनकर। तो कहानी में आगे उसकी जिंदगी में उथल-पुथल है। ढेर सारा पारंपरिक ड्रामा है, हैरान-परेशान कर देने वाली हरकते हैं। लेकिन, इसी के साथ एक सिंगल फादर के संघर्ष की मार्मिक कहानी भी है।

## मलाइका ने कंटेस्टेंट के सिर पर रखे गैस-चूल्हे पर बनाई चाय



**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा हाल ही यो यो हनी सिंह के गाने 'चिलगम' के कारण खूब सुर्खियां बटोर रही थीं और कुछ यूजर्स ने उनके डांस के कारण एक्ट्रेस को निशाने पर ले लिया था। अब वह नए रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के कारण चर्चा में हैं। मलाइका अरोड़ा इसमें जज बनी हैं और साथ में नवजोत सिंह सिद्धू भी हैं। हाल ही मलाइका ने शो के एक एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सिर पर गैस-चूल्हा रखकर चाय बनाई।

## 'ओ ओ जाने जाना' गाने पर झूमे शाहरुख और सलमान

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान तीन दशकों से भी ज्यादा समय से दोस्त हैं। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों कलाकार अक्सर किसी न किसी इवेंट में मिलते रहते हैं। ऐसे ही एक इवेंट में दोनों ने सलमान के मशहूर गाने 'ओ ओ जाने जाना' पर जमकर डांस किया।

---

**DIRECTORATE OF SPORTS & YOUTH WELFARE**
T.T. Nagar Stadium, Bhopal- 462003
Tel. : 0755-2773012, 2778151

**E-TENDERING NOTICE**

1. The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal invites bids from reputed Firm/Organizations with relevant background and experience for Supply & Installation of Rehabilitation & Training Units for Sports Academy Centres.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in.** If there any queries regarding participation through e-tender process, interested bidder may contact on 0755-2773012.
3. The corrigendum and addendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/123079/2025 **DIRECTOR**

---

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)**
**क्रमांक-BPLLP26092541855/ दिनांक / 19/NOV/2025 क्र./1850**

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तिया आमंत्रित करने हेतु जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री / श्रीमती / मेसर्स (**Vinod Kumar Shukla**) -**Vinod Kumar Shukla Construction Private Limited Through Managing Director Shri Vinod Kumar Shukla S/O Shri Bhaiya Lal Shukla** द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है–(क) परियोजना का नाम: **SHREEYAM HOMES** (ख) अवस्थिति (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)–पूर्व स्वीकृत ग्राम **Jatkhedi** तहसील **Kolar** व जिला **Bhopal** की भूमि सर्वे क्रमांक /खसरा क्रमांक 75/76/1/2/1 (S), 75/76/1/2/2 (S) कुल रकबा 0.178 हेक्टेयर भूमि पर **RESIDENTIAL,PLOTTED HOUSING** विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है। (ग) विकास का प्रयोजन–**RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING** (घ) स्वीकृति क्रमांक BPLLP7646 दिनांक 2021-02-03 पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति / संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा **https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=g7uAaOoc3I1850** पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा **websitehttps://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx**पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल (म.प्र.)**

---

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM) City Division, Bhopal
E-mail ID : tmcitycircle@gmail.com
Ref. No. : DGM/STM/CC/2025/409 Bhopal, Dated :19.11.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following Locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| DGM (STM) City Circle, Bhopal | **Type E :** Air-conditioned Jeep or equivalent Category MUV with min. engine capacity 1450 CC (for Petrol/Diesel) with Airbags and ABS. | 04.12.2025 Up to 3:00 pm | 04.12.2025 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on Company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123093/2025 **DGM (STM)**

---

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाएँ के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910



M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

आवश्यकता
एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास- ग्रेजुएट लड़के_लड़कियां(24500_64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 8053979338
R-17 to 20-11-2025

## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6053



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 6052 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 6063

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6062 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

### सीजन में अब तक सोयाबीन के भाव में आई 500 रुपए की तेजी, 7 नवंबर से अब तक भावांतर मॉडल रेट में 43 रुपए क्विंटल की बढ़त हुई

भोपाल सहित मप्र में सोयाबीन की 3 लाख बोरे से अधिक की आवक

# भावांतर के चलते भोपाल सहित प्रदेशभर की मंडियों में सोयाबीन की बंपर आवक, किसानों में खुशी छाई



मंडी प्रांगण स्थित नीलामी शेड

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी करोंद स्थित अनाज मंडी प्रांगण के अलावा मध्यप्रदेश की मंडियों में भावांतर योजना के फेर के चलते सोयाबीन की बंपर आवक हो रही है। मंडियों में सोयाबीन से भरे ट्रेक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लग रही है। करोंद स्थित भोपाल गल्ला मंडी में सोयाबीन की जहां रिकार्ड 6 हजार से साढ़े छह हजार बोरे की रोजाना आवक हो रही है तो वहीं समूचे प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में हर रोज 3 लाख से साढ़े 3 लाख बोरा सोयाबीन पहुंच रहा है।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन, सकल दलहन, अनाज व्यापारी महासंघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि शुरूआती सीजन से अब तक सोयाबीन के भाव में 500 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई है। शुरूआत में सोयाबीन 4000 से 4200 रुपए क्विंटल बिका था, लेकिन अब मंडियों में 4600 से 4650 रुपए क्विंटल के भाव बिक रहा है। जबकि समर्थन मूल्य 5325 रुपए क्विंटल है। वहीं सरकार द्वारा भावांतर योजना की घोषणा के 10 दिन बाद 7 नवंबर को 4220 रुपए प्रति सोयाबीन का मॉडल भाव जारी किया है, जो बुधवार यानी 19 नवंबर को सोयाबीन का मॉडल भाव 4263 रुपए जारी हुआ। कुल मिलाकर 13 दिनों में सरकार द्वारा जारी मॉडल भाव में 43 रुपए क्विंटल की मूल्य वृद्धि दर्ज हुई है।

एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि भावांतर के फेर में इन दिनों किसान मंडियों में सोयाबीन खूब बेच रहे हैं क्योंकि राज्य सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य और भावांतर मॉडल रेट के बीच के अंतर की राशि किसानों के खाते में डाली जा रही है। जिसके चलते किसानों भरपूर सोयाबीन की बिक्री करने मंडी पहुंच रहे हैं।

### 13 दिन में मॉडल रेट बढ़कर 4020 से 4263 रुपए तक पहुंचा

सोयाबीन का 13 दिन में मॉडल रेट बढ़कर 4020 से 4263 रुपए तक पहुंचा। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।

यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था।

इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए तथा 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।





करोंद गल्ला मंडी में लगी ट्रैक्टरों की लाइन

## खबर संक्षेप

### अमेजन के प्रोग्राम्स में पहुंचे 2 करोड़ खरीदार

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने बताया कि उसके क्रिएटर प्रोग्राम ने इस साल 2 करोड़ से ज्यादा खरीदारों तक क्रिएटर-आधारित खोज को पहुंचाया है। त्योहारों के सीजन से पहले 1 लाख क्रिएटर्स थे, जो अब बढ़कर 1.25 लाख से भी ज्यादा हो गए हैं। कुछ ही महीनों में 25 फीसदी की यह बढ़त दिखाती है कि अमेजन का प्लेटफॉर्म क्रिएटर-आधारित उद्यमिता को कितना बढ़ावा दे रहा है।

### एमवे ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लांच किया

**नई दिल्ली।** एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लांच किया। यह वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया फार्मूलेशन विटामिन डी का स्तर बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है और हड्डियों तथा इम्यूनिटी को बेहतर करता है। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहाकि भागदौड़ भरी जीवनशैली और धूप के संपर्क में कम रहने के कारण भारत में विटामिन डी की कमी तेजी से बढ़ी है।

### सैमसंग टीवी प्लस ने की पहली कंटेंट डील

**गुरुग्राम।** सैमसंग टीवी प्लस ने दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करते हुए उनके एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर उपलब्ध करा दिए हैं। इस नई सूची में प्रसिद्ध क्रिएटर मार्क रोबर के पहले समर्पित फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी चैनल का विश्व प्रीमियर भी शामिल है। सैमसंग टीवी प्लस अब पूरे भारत में 1.40 करोड़ से अधिक सैमसंग स्मार्ट टीवी पर 160 चैनलों के साथ उपलब्ध है।

### एबीएस मरीन का शुद्ध लाभ 334 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** एबीएस मरीन सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में असमीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 139.53 करोड़ रुपए, साल-दर-साल वृद्धि 90.01 फीसदी दर्ज हुई। एबिटडा 51.35 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 324.17 फीसदी और शुद्ध लाभ 30.62 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

### अल्ट्रा प्ले पर क्लासिक फ़िल्मों का प्रीमियर

**मुंबई।** अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप का ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म अल्ट्रा प्ले परे वी.शांताराम की जन्मतिथि पर उनकी चुनिंदा फिल्में पेश कर रहा है। वी.शांताराम ऐसे फिल्मकार थे, जिन्होंने पर्दे को सिर्फ कहानी सुनाने का माध्यम नहीं, बल्कि कला, भावना और समाज के सच को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम बना दिया।

### समर्थन मूल्य 2400 रुपए और मंडी में बिक रहा 1300 से 1600 रुपए क्विंटल

# बंपर पैदावार और आवक से मक्का समर्थन मूल्य से 800 से 1000 रुपए नीचे बिक रहा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2025-26 सीजन के लिए 2400 प्रति क्विंटल है, लेकिन बंपर पैदावार और मंडियों में अधिक आवक के कारण यह 1300 से 1600 प्रति क्विंटल के बीच बिक रहा है, जो कि समर्थन मूल्य से 800 से 1000 कम है। यह स्थिति किसानों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि बाजार मूल्य समर्थन मूल्य से काफी नीचे है।

- भोपाल गल्ला मंडी में 800 बोरा तो मध्यप्रदेश की मंडियों में करीब 2 से ढ़ाई लाख बोरे की आवक

राजधानी के करोंद मंडी स्थित अनाज कारोबारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि राजधानी के आसपास के ग्रामीण अंचलों के अलावा समूचे मध्यप्रदेश में इस बार मक्के की बंपर पैदावार है। पैदावार की अधिकता होने के साथ मंडियों में आवक भी बंपर होने से इसके भाव समर्थन मूल्य से 800 से 1000 रुपए नीचे है तो गत वर्ष की तुलना में भाव में 800 रुपए नीचे है। गल्ला व्यापारियों के अनुसार राजधानी के करोंद स्थित गल्ला मंडी में मक्के की आवक 700 से 800 बोरा रोजाना की आवक है जबकि मध्यप्रदेश की मंडियों में मक्के की आवक दो से ढ़ाई लाख बोरी की बताई जा रही है। कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि मंडियों में अनाज व्यापारी मक्के की जो खरीदी कर रहे हैं वह शराब फैक्ट्री, एथेनॉल और स्टॉर्च उपयोगी के लिए प्लांटों में पहुंच रहा है। उन्होंने ने बताया कि प्लांटों की लेवाली फिलहाल कमजोर है वजह भारी उत्पादन है। यह कारण है कि किसान अपने मक्का को मंडियों में कम भाव पर बेचने को मजबूर है।



### डिस्टिलरी को फायदा... तो किसान एमएसपी से नीचे मक्का बेचने को मजबूर

किसानों का कहना है कि ओएमसी के जरिए डिस्टिलरी से 71.86 रुपए /लीटर पर एथेनॉल खरीदी रही है। जबकि मंडियों में उपलब्ध औसत मक्का भाव (1821 रुपए/क्विंटल) के आधार पर एथेनॉल का मूल्य 54 रुपए /लीटर होना चाहिए। किसानों ने कहाकि लाभ किसानों को देने का वादा तो किया गया, लेकिन फायदा डिस्टिलरी को मिला और किसान एमएसपी से बहुत नीचे मक्का बेचने को मजबूर हैं।

### मक्के पर कंट्रोल ऑर्डर लाने की मांग हुई तेज

मक्का उत्पादक किसानों ने सरकार से मक्के पर कंट्रोल ऑर्डर लाने की मांग की है। ताकि इथेनॉल डिस्टिलरीज को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का खरीदने के लिए मजबूर किया जा सके। किसानों ने डिस्टिलरी के साथ किए जा रहे व्यवहार में सरकारी नीति में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहते हैं कि जब सरकार ओएमसी के माध्यम से गारंटीकृत मूल्य पर उपज (इथेनॉल) खरीद रही है। तो उसे कच्चे माल की कीमत भी निर्धारित करनी चाहिए।

### भोपाल दुग्ध संघ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की

# एनडीडीबी के चेयरमैन डॉ. मीनेष शाह ने भोपाल दुग्ध संघ संयंत्र का किया दौरा



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने भोपाल दुग्ध संघ संयंत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर के अध्यक्ष, एनडीडीबी ने एनडीडीबी तथा एमपीसीडीएफ के बीच हुए सहकार्यता अनुबंध के बाद अप्रैल, 2025 से वर्तमान तक भोपाल दुग्ध संघ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने लक्ष्यों के अनुरूप दुग्ध संकलन एवं नवीन दुग्ध समितियों के गठन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा दुग्ध संघ की विभिन्न योजनाओं के द्वारा दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध मूल्य के अतिरिक्त अन्य लाभ देने पर भी जोर दिया, जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सके और सहकारी ढांचा मजबूत हो सके। इस अवसर पर डॉ. संजय गोवाणी, प्रबंध निदेशक, एमपीसीडीएफ , प्रीतेश जोशी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ सहित एमपीसीडीएफ और भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारीगण उपस्थित रहे। डॉ. शाह ने दुग्ध संघ द्वारा विपणन गतिविधियों के अंतर्गत चलाए जा रहे "दूध का दूध, पानी का पानी अभियान" पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से उपभोक्ताओं में सांची ब्राण्ड (सांची डेयरी) के प्रति विश्वसनीयता बढी है। डॉ. शाह ने दुग्ध संघ मुख्य गेट पर निर्माणाधीन सांची पार्लर का भी निरीक्षण किया। उन्होने भोपाल डेयरी संयंत्र में चल रहे निर्माणाधीन डेयरी परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के प्रसंकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा डेयरी संयंत्र के आधारभूत ढांचे में विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही डेयरी संयंत्र परिसर में नवीन आइसक्रीम संयंत्र की स्थापना के लिए सुझाव भी दिए, जिससे उपभोक्ताओं को आइसक्रीम सुगमता से उपलब्ध हो सके।

### मुख्य सचिव से भी की मुलाकात




डॉ. मीनेश शाह, अध्यक्ष, एनडीडीबी ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन से मुलाकात कर अप्रैल 2025 से एनडीडीबी द्वारा संचालित भोपाल दुग्ध संघ सहित अन्य दुग्ध संघों की प्रमुख गतिविधियों एवं प्रगति से अवगत कराया।

## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद एवं चिकित्सालय ने स्वदेशी मेले में की सहभागिता

**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक जेएन चौकसे की प्रेरणा से एवं एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ.अनुपम चौकसे के मार्गदर्शन में एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ने



स्वदेशी जागरण मंच भोपाल द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला में सहभागिता की। आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नाडी तरंगणी मशीन द्वारा डॉ. रवीकांत गुप्ता, डॉ. विजय पनवर एवं डॉ. मोहित बंजारे ने लगभग 350 लोगों का निः शुल्क नाडी परीक्षण किया। लगभग 650 लोगों का स्वास्थ परीक्षण एवं निः शुल्क चिकित्सा की गई एवं आयुर्वेदिक औषधी का वितरण किया गया। एलएन आयुर्वेद के स्टाल पर शुद्ध जडी बूटियों से निर्मित औषधियों का विकय भी किया गया। आयोजित स्वदेशी मेले में एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्रों द्वारा समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। योग गुरु डॉ.मोहित तंवर तथा छात्रों ने योगासन की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सपन जैन ने अपने उदबोधन से समस्त उपस्थित जनों को आयुर्वेद एवं योग अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. सपन जैन उपप्राचार्य डॉ. वर्षा वंजारी निर्देशक डॉ. विशाल शिवहरे सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. नेहा, जैन डॉ. स्वाती गर्ग, डॉ. मोहित तंवर, डॉ. चेतन केलकर एवं छात्रों के प्रतिनिधि खुशी जैन, रुपेश बिलथरे समस्त कार्यक्रम में उपस्थिति होकर महाविद्यालय की ओर से अपनी सहभागिता प्रकट की।

### लेजेंडरी टाटा सिएरा का प्रोडक्शन रेडी वर्जन पेश



**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने सिएरा ब्रांड डे पर आइकॉनिक टाटा सिएरा का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन पेश किया। जिसने भारत की सबसे प्रिय एसयूवी की विरासत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। नई पीढ़ी के लिए पुनः कल्पित यह टाटा सिएरा अपनी मूल विरासत और विशिष्ट डिज़ाइन डीएनए को संरक्षित रखते हुए स्वतंत्रता, व्यक्तित्व और खोज की भावना का आधुनिक रूप प्रस्तुत करती है। नई टाटा सिएरा उन लोगों के लिए है जो हर नए सफर में नए क्षितिज तलाशते हैं। इसे 25 नवंबर 2025 को आधिकारिक रूप से लांच किया जाएगा। टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट मार्टिन उह्लारिक ने कहाकि टाटा सिएरा सिर्फ एक नाम या वाहन नहीं है; यह भारतीय होशियारी और आकांक्षा का जीवंत प्रतीक है। बहुत से लोगों के लिए, सिएरा एक अनंत चाहत जगाती है, क्षितिज पर उभरती एक सिल्हूट, एक एहसास जो सफर समाप्त होने के बाद भी बना रहता है।

### एवीजी लॉजिस्टिक्स ने अर्जित की 268 करोड़ की आय

**नई दिल्ली।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने बिना ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के अनुसार दूसरी तिमाही में कंपनी के राजस्व का 143.03 करोड़ रुपए पहुंचा, तो एबिटडा 26.26 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 6.57 करोड़ रुपए पहुंच गया। जबकि पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 268.05 करोड़ रुपए, एबिटडा 50.54 करोड़ और शुद्ध लाभ 13.57 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया।

### एक्सिस बैंक ने लांच किया क्यूरेटेड कॉरपोरेट सैलरी प्रोग्राम

**बेंगलुरु।** एक्सिस बैंक ने अपने न्यू इकॉनमी ग्रुप के तहत स्टार्ट-अप कर्मचारियों के लिए क्यूरेटेड कॉरपोरेट सैलरी प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। यह लांच बैंक की इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है कि वह नई पीढ़ी के उद्यमों और उनके कर्मचारियों को उनके अनुरूप वित्तीय, लाइफस्टाइल और वेलनेस सेवाएँ प्रदान करेगा। यह घोषणा एक्सिस बैंक के फ्लैगशिप 'स्टार्ट-अप सोशल' इवेंट में की गई, जो बेंगलुरु में आयोजित हुआ।

### अमेजन लांच पैड के साथ सौंदर्य नवोन्मेष को दिया नया स्वरूप

**मुंबई।** अमेजन लांच पैड कार्यक्रम के साथ ग्राहकों को नए नवोन्मेषी ब्रांड तलाशने के लिए विश्वसनीय माहौल प्रदान किया। अमेजन के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रणाली और मार्केटिंग (विपणन) समर्थन के साथ अलाना तेज़ी से विस्तार करने और घरेलू बाज़ार में दूर-दूर के ग्राहकों तक पहुंचने में कामयाब रहा। अमेजन के विक्रेता टूल, एआई-आधारित अनुशंसा और ग्राहक अंतर्दृष्टि ने ब्रांड को लिस्टिंग को अनुकूलित करने, उत्पाद खोज क्षमता में सुधार करने और विज्ञापन दक्षता बढ़ाने में मदद की।

# सीमेंट परिवहन हुआ सस्ताः परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति 'जीटीकेएम' की एकसमान दर लागू की





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर में सीमेंट परिवहन लागत कम करने के उद्देश्य से एक बड़े सुधार की घोषणा की। सरकार का मानना है कि इस कदम से घर बना रहे मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत पहुंचेगी। मंत्री ने बल्क सीमेंट टर्मिनल पॉलिसी और कंटेनर रेट रेशनलाइजेशन कार्यक्रम के बाद बताया कि रेलवे ने बल्क सीमेंट परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति जीटीकेएम की एकसमान दर लागू की है। जीटीकेएम का अर्थ है सकल टन-किलोमीटर। यह रेलवे और माल ढुलाई उद्योग में परिवहन शुल्क की गणना के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक मानक उपाय है। 1 जीटीकेएम, 1 किलोमीटर के लिए 1 सकल टन भार परिवहन के बराबर है। जब रेलवे 90 पैसे प्रति जीटीकेएम दर बताता है, तो इसका मतलब है कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर परिवहन किए गए प्रत्येक सकल टन सीमेंट के लिए शुल्क 0.90 रुपये है। इससे माल ढुलाई शुल्क को मानकीकृत करने और लागत की गणना को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलती है।

### सीमेंट उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को मिलेगा लाभ

वैष्णव ने बताया कि एक समान दर से सीमेंट निर्माताओं को सीमेंट संयंत्रों के स्थान, परिवहन मार्गों और अनलोडिंग टर्मिनलों के बारे में अधिक स्पष्टता मिलेगी। इससे बेहतर योजना बनाने, सीमेंट की बेहतर आवाजाही और उपभोक्ताओं के लिए कम लागत की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि नई टैंक कंटेनर प्रणाली और एक समान दर संरचना भारत भर में सीमेंट परिवहन को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को समर्थन प्रदान करेगी।

### अशापुरी गोल्ड के शुद्ध लाभ में वृद्धि

**मुंबई।** अशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने अविशोधित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के अनुसार दूसरी तिमाही कुल आय 102.41 करोड़ रुपए, एबिटडा 11.47 करोड़ रुपए रही, शुद्ध लाभी 8.47 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। जबिक बिक्री मात्रा में 120.58 केजीएस से बढ़कर 145.07 केजीएसहो गई, जो 20.31 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

देखभाल को समर्पित एक दिन का माहौल तैयार

# मालाबार समूह के 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटरों में कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालाबार समूह ने भारत भर में अपने 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटर (एमएलसी) में बाल दिवस गतिविधियों का आयोजन किया।

केंद्रों द्वारा समर्थित साठ हजार बच्चों के लिए ये समारोह आयोजित किए गए और एमएलसी के पूरे नेटवर्क में वरिष्ठ प्रतिनिधियों और समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इनका नेतृत्व किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत मिठाइयों के वितरण के साथ हुई और इसने सीखने, समावेशिता और देखभाल को समर्पित एक दिन का माहौल तैयार किया। एमएलसी उन वंचित बच्चों की सहायता करते हैं जिन्हें सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के कारण मज़दूरी करने के लिए मजबूर होना पड़ा या जिन्हें स्कूल छोड़ना पड़ा। प्रत्येक केंद्र एक वर्ष की आयु-उपयुक्त प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है और बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा में वापस लौटने में मदद करता है।

## चिंतन

# विस्तारवादी चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

हिन्दी की बहुत पुरानी कहावत है, चोर चोरी से जाए पर हेराफेरी से न जाए। ये हमारे पड़ोसी चीन पर पूरी तरह से फिट बैठती है। चीन चाहे भारत का मित्र होने के हजार दावे करे, लेकिन सच्चाई यही है कि जब भी उसे मौका मिलता है, वो अपनी नापाक हरकत करने से बाज नहीं आता। उसकी ऐसी ही एक करतूत का खुलासा अमेरिकी रिपोर्ट में हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया। चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हर संभव प्रयास किया कि किसी भी तरह से दुनिया के हथियारों को बेकार बताकर अपने जंगी जहाज बेचे जा सकें। एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। इशारा साफ था कि फ्रांस का राफेल चीन के जे-35 के सामने धराशायी हो गया। राफेल विमान फ्रांस की दसॉ एविएशन द्वारा बनाया गया दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है। ये एक मिनट में 60,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। इसकी रेंज 3700 किलोमीटर है। साथ ही यह 2200 से 2500 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसमें मॉडर्न 'मिटिअर' मिसाइल और इजराइली सिस्टम भी है। जो दुश्मन की किसी भी हरकत का जवाब देने में सक्षम है, लेकिन चीन ने नकली वीडियो से इसे बेकार सबित करने का प्रयास किया। असल में चीन हर वो संभव प्रयास करता है, जिससे उसे आर्थिक रूप से लाभ हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के बाद चीन-भारत के संबंधों में कुछ हद तक सुधार हुआ है। अब भी अहम सवाल यही है कि क्या चीन का भारत के प्रति वाकई कोई हृदय परिवर्तन हुआ है और अगर ऐसा हुआ है तो इसका कारण क्या है। बीते 12 वर्षों से चीन पर राज करते हुए तानाशाह राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मंशा पर ध्यान दें तो यह असंभव है कि उन्होंने एशिया और विश्व में चीन के वर्चस्व और विस्तारवाद का सपना रातोंरात त्याग दिया हो। चीन कभी भी अपनी विस्तारवादी मंशा को त्यागने को तैयार नहीं दिखता और पड़ोसी देशों के साथ विवादों में अपनी शक्ति एवं श्रेष्ठता के बलबूते हावी होने को कोशिश करता रहता है। भारत के अलावा एक दर्जन से अधिक देशों के साथ चीन के अनसुलझे क्षेत्रीय विवाद हैं और इन सभी के प्रति चीन ने दबंग व्यवहार अपनाकर धौंस दिखाता रहता है। शी जैसे कट्टर नेता का महाशक्ति बनने का महत्वाकांक्षी स्वप्न को भुला देना नामुमकिन सा है। चीन सपना केवल महाशक्ति बनाना ही नहीं, बल्कि अमेरिका को पछाड़कर विश्व का सबसे बड़ा दादा बनने की है। इसके बाद वो पूरी दुनिया को अपने हिसाब से चला सके। भारत एशिया में ही इसका सबसे बड़ा रोड़ा है। ऐसे में वो कब और कितना नुकसान कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए जरूरी है कि हम चीन को लेकर हमेशा सतर्क और सजग रहें और अपनी अर्थव्यवस्था को सेवा के साथ निर्माण क्षेत्र में भी गति दें तभी चीन से मुकाबला कर पाएंगे।



आतंकवाद
योगेश कुमार सोनी

# शिक्षित वर्ग को शिकार बना रहे आतंकी

आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है। सरकार को इसे समझते हुए बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले।

देश में आजादी से लेकर आज तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि आतंकवाद पर शिकंजा कसने का सभी सरकारों ने अथक प्रयास किया है। हमारे देश में वर्ष 1980 से लेकर आज तक लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं जिसमें हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं। आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। दरअसल, आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है।

दिनों दिल्ली में हुए हमले को अंजाम देने वाले डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे पेशे का इस्तेमाल किया और यह एक लंबी कतार निकली। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में शामिल आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद बीते दशकभर से पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी। एक डॉक्टर होने के बावजूद किसी के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है। जबकि आप जिस देश में रह रहे हों और उसी देश के लिए इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हों। जांच में पता कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इस वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है चूंकि पूरी दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टरी की पढ़ाई सबसे मुश्किल पढ़ाइयों में से एक है और वहीं दूसरी ओर यह लोगों की जान बचाने का भी पेशा है तो बेहद सम्मानित व पूजनीय भी है लेकिन बावजूद इसके, यदि ऐसे लोगों का मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव है। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके। आतंकी हमले में हमेशा आम आदमी ही मारा जाता रहा है और हजारों-लाखों लोग इसमें अपनी बिना वजह जान गंवा चुके। भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। हालांकि, विकिपीडिया के अनुसार दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। इस खेल में आश्चर्य की बात यह भी है कि हमारे देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की खुले आम दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया। वहीं छांगुर बाबा जैसा फर्जी बाबा आतंकवाद समर्पित निकला और वह धर्मांतरण का बहुत बड़ा रॉकेट चला रहा था। हालांकि ऐसे और भी



बहुत सारे नाम हैं। इसके अलावा भी कितने ऐसे लोग व संगठन हो सकते हैं जो आतंकवादी संगठनों के लिए काम कर रहे हों। इस बात को समझने में हमें कोई शक नहीं है कि हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर आतंकवादी तकनीकी रूप से विश्व की बड़ी-बड़ी एजेंसियों से इतना अपडेट व अपग्रेड हैं कि इनके इरादों की भनक तक भी नहीं लग पाती। भारत के परिवेश में विशेषज्ञों का मानना है कि यहां लगातार जनसंख्या बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस व सभी तरह की एजेंसी बल इतना नहीं है कि वह निगरानी रख सकें। भारत जैसे देश पर तो सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह है।

हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी वाले प्रकरण से देश में एक नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से बहुत सारे सही विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है और अब यूनिवर्सिटी की मान्यता भी रद्द कर दी गई है। साथ ही अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं, उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। आतंकवादी जिस ट्रैक पर काम करते हैं वह बेहद आश्चर्य में डाल देता है। चूंकि उसके लिए जो लोग काम करते हैं वह शिक्षित वर्ग होता है और कोई भी जांच एजेंसी एकाएक ऐसे लोगों पर शक नहीं करती जिसका वह जमकर फायदा उठाते हैं। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी सही निगाह से भी नहीं देखा जा रहा जबकि हर कोई एक जैसा नहीं होता। चूंकि डॉक्टरों का धर्म, फर्ज व कर्तव्य मरीजों को इलाज देना व जान बचाना होता है लेकिन यदि उस रूप में भी जिहादी निकल जाए तो इसमें तो उसके अलावा किसी की भी गलती नहीं मानी जा सकती। अब विश्व के नेताओं व जांच एजेंसियों को सबसे पहले यह समझना होगा कि आखिर आतंकी संगठन कैसे लोगों के मस्तिष्क को नियंत्रित करके उनको काबू करते हैं व साथ यह भी समझना होगा कि इनका संपर्क साधने का तरीका क्या है। यह किस तरह के लोगों को टारगेट करते हैं। चूंकि एक कहावत है कि 'चोर नही चोर की मां को पकड़ो' तो सब पता चल जाता है। दरअसल सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया है और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।

इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। ऐसे लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए अधिक बल की जरूरत है और साथ में तकनीकी भी मजबूत होना पड़ेगा। बाकी जहां शक की गुंजाइश कम या न हो, वहां तुरंत प्रभाव के साथ सक्रियता दिखानी चाहिए। जो लोग सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चला रहे हों, उन पर सबसे पहले कार्यवाही होनी चाहिए। चूंकि वह अपने फॉलोवर्स को गलत संदेश प्रेषित करके समाज में तो जहर घोलने का काम करते ही हैं, साथ में उनकी अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका बढ़ जाती है। बाकी लोगों को यह समझना होगा कि यह देश उनका भी है इसलिए उससे गद्दारी करके हम आने वाली पीढ़ी को भी गलत संदेश दे रहे हैं। यदि आतंकवाद इतना सरल हो जाएगा तो यह मानव जीवन पर प्रहार के रूप में काम करेगा। हमने आज तक बहुत सारे परिवारों को उजड़ते देख लिया और यह ही लगता है कि आखिर उन बेगुनाहों का क्या कसूर है जो हर बार बिना वजह बेमौत मारे जाते हैं। सरकार को इस पीड़ा को समझते हुए एक बहुत बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे कि देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले, चूंकि हर कोई सबसे पहले सुरक्षा चाहता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

विवेक शुक्ला




# बिहार चुनाव : चाणक्य की जीत, महागठबंधन की हार

बिहार विधान सभा के नतीजे आने के बाद से ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में राज्य की नई सरकार के गठन के सवाल पर एनडीए के नेताओं के बीच बैठकों के दौर जारी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार 20 नवंबर को पदभार संभाल लेगी। बिहार विधान सभा के चुनाव परिणाम पर भी कुछ समय तक और बहस जारी रहने वाली है। अब मुख्य रूप से इस मुद्दे पर बहस हो रही है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने किसी का भी चुनाव जीतना अब नामुमकिन है? ज्यादातर राजनीतिक पंडितों की राय यह बन रही है कि बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी को हराना नामुमकिन नहीं भी है तो यह मुश्किल जरूर है। एक बात साफ है कि भाजपा के लिए चुनाव तैयारी कोई पार्ट टाइम गेम नहीं है, बल्कि यह जनता से जुड़े रहने और मुद्दों के आसपास पार्टी को तैयार रखने का सतत अभियान है। भाजपा की जिस चुनावी रणनीति का लोग आज लोहा मान रहे हैं, उसे विकसित करने और उसकी धार बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं गृह मंत्री अमित शाह निभाते हैं। बिहार में महागठबंधन के नेताओं जैसे राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी और अन्य नेता जनता को अपने साथ जोड़ने में एक सिरे से विफल रहे। राहुल गांधी तो वोट चोरी के आरोप लगाने के अलावा अब सब कुछ भूल गए। अगर उनके पास कोई ठोस सुबूत हैं तो वे कोर्ट में क्यों नहीं जाते। पहले वे ईवीएम में गड़बड़ी का रोना रोते थे। बहरहाल, बिहार में भी एनडीए की इस चुनावी जीत के सूत्रधार अमित शाह बने हैं, जिन्होंने महागठबंधन के किसी भी पैतरे को चलने नहीं दिया और राहुल-तेजस्वी की जोड़ी को करारी शिकस्त दे दी। 2010 के बाद भाजपा फिर से 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ 89 सीटें जीतने में कामयाब रही और इस बार बिहार विधान सभा में सबसे बड़ी पार्टी भी बन गई। जबकि कांग्रेस के लिए चुनाव परिणाम शर्मनाक स्तर का है और आरजेडी 2010 की स्थिति में पहुंच गई है। बीजेपी नेतृत्व को बिहार की नब्ज पर पकड़ का अंदाज था। खासकर अमित शाह ने अपनी तीन महीने के धुआंधार दौरे से यह अंदाज लगा लिया था कि जनता क्या चाहती है और उसी के अनुसार जब केंद्र और राज्य सरकार ने बिहार की जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने का काम पूरा किया, तो जनता गदगद हो उठी। अमित शाह पहले नेता थे जिन्होंने एक चुनावी रैली में ही यह ऐलान कर दिया था कि इस बार एनडीए 160 से ज़्यादा सीटें जीतेगा और बिहार में सरकार बनाएगा। फिर अंतिम चरण के मतदान से कुछ ही दिन पहले एक रैली में, शाह ने फिर घोषणा की कि 14 नवंबर को राजद और कांग्रेस परिवारों के राजनीतिक सफाए का दिन होगा। यदि अमित शाह ने चुनावी सफलता का कोई रिकार्ड बनाया है, तो इसके पीछे उनका अनथक परिश्रम है। पार्टी में रणनीति और उस पर क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह से समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण की एक बड़ी प्रक्रिया है। अमित शाह न सिर्फ इस प्रक्रिया के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी उठाते हैं, बल्कि कार्यकर्त्ताओं और निचले स्तर पर काम कर रहे भाजपा नेताओं और गठबंधन सहयोगियों में विश्वास का भाव भी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ राहुल और तेजस्वी अकेले चने की तरह भाड़ फोड़ने में लगे थे। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका के अलावा किसी बड़े नेता की उपस्थिति महसूस ही नहीं की गई और तेजस्वी अपने घर के असंतोष को भी खत्म नहीं कर सके। अमित शाह ने स्वयं बिहार में 35 रैलियों को संबोधित किया और एक बड़े रोड शो का नेतृत्व किया। वह केवल भाषणों और रैलियों तक खुद को सीमित नहीं करते, बल्कि बूथ स्तर तक अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं। इससे पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं का एक मज़बूत जुड़ाव होता है और फिर बूथ कार्यकर्ता भी अधिकतम वोट हासिल करने के लिए भरपूर मेहनत करता है। कांग्रेस का संगठन बिहार में भी गायब है और केवल गाली गलौच की सुर्खियों तक ही सीमित है। अमित शाह को भाजपा का 'चाणक्य' कहा जाता है, और बिहार में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई। जीत के बाद शाह ने कहा कि यह जनादेश विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण पर मुहर है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को बिहार ने नकार दिया। विपक्ष के 'वोट चोरी' आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण को राष्ट्रव्यापी मूड बताया। संक्षेप में, अमित शाह की दूरदर्शी रणनीति, असंतोष प्रबंधन और माइक्रो-प्लानिंग ने एनडीए को असंभव लग रही जीत दिलाई। यह जीत भाजपा की बिहार में मजबूती और शाह के चुनावी मास्टरमाइंड की मिसाल है। बिहार 2025 ने साबित किया कि संगठन और रणनीति से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है।


# समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## सटाका





## आज की पाती

### बदले की भावना है यह

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने फांसी की सजा सुनाई है। उन पर आरोप यह भी है कि उनके राज में जब हिंसक प्रदर्शन हुआ था, तब बहुत से लोग मारे गए थे और वह उस समय वहां से भागकर हमारे देश में आ गई थी और यहां पनाह लिए हुए हैं। राजा का फर्ज होता है कि वो सुख और दुख में प्रजा के साथ खड़ा हो, खासतौर पर दुख में प्रजा के साथ खड़ा होना चाहिए। शेख हसीना बेशक अपनी जान की परवाह करते हुए हमारे देश आ गई थी, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था, वहीं रहकर अपने देश की समस्या का हल निकालना चाहिए था और विदेशों से मदद की गुहार लगानी चाहिए थी। फिर भी फांसी की सजा बदले की भावना लगती है। *– प्रदीप साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### साईं बाबा का संदेश



श्री सत्य साईं बाबा को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है। उनका संदेश समय और स्थान की सीमाओं से परे है। करुणा, सेवा और सार्वभौमिक प्रेम की उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर के लोगों का मार्गदर्शन करती हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मखाना बोर्ड



पहले मुख्यतः मखाने का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी हो रहा है इसीलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा, ताकि यहां के मखाना किसानों को लाभ मिल सके।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### एनआरसी



असम में एनआरसी अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। हालांकि, चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दिया है। इससे हमें अवैध लोगों को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एसीबी की वसूली




झारखंड में एसीबी ने शराब घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तारी का भय दिखाकर सैकड़ों करोड़ की वसूली की। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार तो किया, लेकिन तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# सांता क्लॉज बनकर यहूदी बच्चों को दी जहरीली कैंडी



पूर्वी यूरोप के एक नव–नाजी समूह के नेता ने यहूदियों और नस्लीय रूप से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमले कराने के लिए लोगों की भर्ती करने की कोशिश का जुर्म स्वीकार कर लिया। इन साजिशों में सांता क्लॉज का भेष धारण कर बच्चों को जहरीली 'कैंडी' बांटना भी शामिल था। संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे 22 वर्षीय मिखाइल चिखिकविशविली के लिए 18 वर्ष तक की जेल की सजा की मांग करेंगे। दोषी जॉर्जिया गणराज्य का नागरिक है और उसे 'कमांडर बुचर' के नाम से जाना जाता है। चिखिकविशविली ने ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में घृणा अपराधों के लिए उकसाने और बम व राइसिन बनाने की जानकारी फैलाने के आरोपों को स्वीकार कर लिया। अभियोजकों के अनुसार, चिखिकविशविली अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी समूह 'मेनिएक मर्डर कल्ट' का नेता है। यह समूह ऐसी विचारधारा को मानता है जो नस्ली एवं धार्मिक युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से हिंसा को बढ़ावा देती है। चिखिकविशविली को जुलाई 2024 में मोल्दोवा में गिरफ्तार किया गया था और मई 2025 में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अभियोजकों के अनुसार, 2022 से वह कई बार ब्रुकलिन आया, जहां उसने एक बुजुर्ग यहूदी व्यक्ति की पिटाई करने का दावा किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाए खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट–स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट–स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**



## कृषि मंडी सचिव को नागर ने सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** कृषि उपज मंडी में धान की तुलाई 51 किलो की कट्टी से ज्यादा की हो रही है। 51 किलो के ऊपर 200 से 500 ग्राम तक तुलाई कर रहे हैं। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परेश नागर ने मंडी प्रांगण पहुंच कर मंडी सचिव को ज्ञापन देकर बताया कि धान की कट्टी में 51 किलो से ज्यादा तोल रहे हैं। परेश नागर ने कहा कि यदि कोई भी व्यापारी 51 किलो ज्यादा से ज्यादा की तुलाई करता है तो किसान मंडी में इसकी शिकायत करें। उन्होंने बताया कि सागर कंपनी के द्वारा किसानों की धान मंडी प्रांगण में खरीदी की जा रही, जो मंडी से करीब 4 किलोमीटर दूर है, इससे किसानों को दिक्कत आ रही है।

## औबेदुल्लागंज में लोगों ने की शव वाहन की मांग

**औबेदुल्लागंज।** नगर में लंबे समय से शव वाहन की सुविधा न होने के कारण स्थानीय रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अर्जुन नगर एवं अन्य नगरवासियों ने प्रशासन से शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों ने बताया कि अर्जुन नगर से 2 किलोमीटर तक दाह संस्कार करने जाना पड़ता है। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, राहुल प्रजापति, रवि शंकर राय, अरुण भावसार, राजेंद्र गुड्डू साहू, अनिल प्रजापति, व्यापार महासंघ जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोड़ा, नीरज चावला, विक्रम धारी, गिरीश चावला, श्याम मालवीय, आशीष दीक्षित कैलाश डब्बू नागर बंटी जोशी रतन मेघानी राहुल महेश्वरी सोनू राय अमित राय आदि नगरवासियों का कहना है कि किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर शव को अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है। कई बार ग्रामीण इलाक़ों से शव लाने-ले जाने में काफी दिक्कतें होती हैं।

## जेसीएम बैठक कल, भेल यूनियन के प्रतिनिधि जाएंगे

**भोपाल।** भेल कर्मचारियों के हितों एवं समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एआईबीयू द्वारा 21 नवंबर को दिल्ली में होने वाली अति महत्वपूर्ण जेसीएम बैठक होने जा रही है। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों हेतु किट अलाउंस बढ़ाने तथा महंगाई भत्ता संशोधन, कस्तूरबा अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर व तकनीकी स्टाफ की भर्ती और रात्रिकालीन भत्ता जनवरी 2020 से लंबित, पुनरीक्षण कर एरियर सहित बेसिक का 2 प्रतिशत भुगतान करने की मांग की जाएगी।

## मेट्रो स्टेशन के नीचे कार पर गिरी अज्ञात वस्तु

**भोपाल।** राजधानी के बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन के नीचे से गुजर रही एक कार पर अचानक कोई अज्ञात वुस्त गिरने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना उस वक्त हुई जब कार सवार बुधवार को शाम करीब साढे सात बजे गायत्री मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। कार नंबर 22-बीएच-6929-डी से गुजर रहे चालक राजेश कटारे ने बताया कि जब वे गायत्री मंदिर से दर्शन करके घर वापस लौट रहे थे तभी अचानक स्टेशन से कोई वस्तु नीचे आई और कार के बोनट व विंडशील्ड से टकरा गई। उस समय रोड पर जाम होने के कारण उन्होंने अपनी कार थोडी दूर रोकी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9416 | | |
| दिन: | 348 | 53 | 256 |
| रात: | 680 | 40 | 136 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 110 | 25 | 780 |
| रात: | 468 | 89 | 360 |


स्टूडेंट वीजा पर भारत आई, मुंबई से इंदौर सप्लाई करने पहुंची थी

# इंदौर में अफ्रीकी महिला 31 ग्राम कोकीन के साथ अरेस्ट

**टीम ने रेसिडेंसी क्षेत्र में घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में नारकोटिक्स विभाग की टीम ने एक अफ्रीकी महिला को 31.85 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा है। जांच में पता चला कि महिला स्टूडेंट वीजा पर भारत आई थी और मुंबई के नालासोपारा में रहती थी। वह बस से मुंबई से इंदौर कोकीन



गिरफ्तार महिला लिंडा

की सप्लाई करने आई थी। गिरफ्तारी के बाद भी महिला जांच में सहयोग नहीं कर रही है।

टीम उसके मोबाइल की फॉरेंसिक जांच करा रही है ताकि पता चल सके कि वह इंदौर में किसे सप्लाई देने वाली थी। नारकोटिक्स डीआईजी महेशचंद्र जैन के अनुसार, मंगलवार दोपहर निरीक्षक हरीश सोलंकी को सूचना मिली कि रेसिडेंसी क्षेत्र में एक अफ्रीकी महिला कोकीन की सप्लाई के लिए आने वाली है। इसके बाद निरीक्षक राधा जामोद के नेतृत्व में टीम ने रेसिडेंसी क्षेत्र में घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को पकड़ा। तलाशी में महिला के पास से 31.85 ग्राम कोकीन मिली, जिसकी कीमत करीब 15 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पासपोर्ट की जांच में महिला का नाम लिंडा, पता वेस्ट अफ्रीका, और वीजा स्टेटस स्टूडेंट वीजा पाया गया।

### फॉरेंसिक जांच में कई सुराग मिलने की उम्मीद

महिला मुंबई से बस के माध्यम से इंदौर आई थी, जिससे संभावना जताई जा रही है कि वह पहले भी ऐसी सप्लाई कर चुकी हो सकती है। उसके मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। टीम मोबाइल के कॉन्टैक्ट्स, चैट और पेमेंट ट्रेल की जांच कर रही है, जिससे ड्रग नेटवर्क के कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। गिरफ्तार महिला के पास से एक एप्पल मोबाइल फोन मिला है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है।

# अनाज व्यापारी के मुनीम से दिनदहाड़े 19 लाख रुपए की लूट, आरोपियों ने रॉड से हमला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर की कृषि उपज मंडी में बुधवार दोपहर को स्कूटी सवार होकर आए दो लुटेरे अनाज व्यापारी के मुनीम पर लोहे की रॉड से हमला करते हुए उसके पास रखे 19 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना उस दौरान हुई जब व्यापारी का मुनीम विकास साहू बैंक से रुपए निकालकर ऑफिस आ रहा था।

बाइक पर सवार होकर विकास जैसे ही मंडी के गेट नंबर एक पर पहुंचा, अचानक लुटेरों ने उसे रोका और हमला कर 19 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही व्यापारियों को लगी तो बड़ी संख्या में मंडी कार्यालय पहुंचे और चेतावनी दी की जब तक लुटेरों को पकड़ा नहीं जाता, तब तक मंडी में खरीदी नहीं होगी। वारदात के बाद एएसपी आयुष गुप्ता विजय नगर थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है।

### शिकायत देते हुए सुरक्षा की मांग की गई

मंडी में रोजाना 15 से 20 करोड़ रुपए का भुगतान केस में होता है। नाराज व्यापारियों का कहना है कि मंडी सचिव को समय पर टैक्स देने के बाद भी सुरक्षा की कोई भी व्यवस्था नहीं है। आए दिन शराबखोरी, मारपीट और नशा करने वाले लोगों का घूमना आम हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार मंडी प्रशासन को लिखित में शिकायत देते हुए सुरक्षा की मांग की गई, पर इस पर ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा आज यह बड़ी घटना हो गई। व्यापारियों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। लूट की जानकारी मिलते ही विजयनगर और गोहलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एसपी के निर्देश पर लुटेरों को पकड़ने के लिए शहर मे नाकाबंदी की गई है। उस समय वहां मौजूद लोगों ने जैसे-तैसे मामला शांत कराया। सत्येंद्र का कहना है कि दूसरा पक्ष उस समय तो वहां से चला गया था, लेकिन रात में घर पहुंचते ही हमला कर दिया।

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कलारी के पास हुई वारदात

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल, मोहल्ले के दो युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कलारी के पास मंगलवार शाम दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पुलिस की अलग-अलग टीम आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आकाश मालवीय (18) अटल अयूब नगर में रहता है और प्राइवेट काम करता है। मोहल्ले में रहने वाले गंगा ठाकुर नामक युवक से उसका पुराना विवाद चल रहा है। मंगलवार की शाम करीब छह बजे आकाश

**पुलिस की अलग-अलग टीम आरोपियों की तलाश में जुटी**



**पीछे से पकड़कर पीठ और गर्दन पर किए चाकू से वार**

छोला स्थित कलारी के पास से निकल रहा था, तभी गंगा ठाकुर अपने साथी सोनू वंशकार के साथ मिल गया। आमना-सामना होते ही गंगा और सोनू उसके साथ गाली-गलौज करने लगे तो आकाश बचने के लिए घर की तरफ भागा। वह श्रीराम डेयरी के पास पहुंचा तभी दोनों ने पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। आकाश ने जब बचने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीठे और गर्दन पर चाकू लगने से आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इसके पहले भी दोनों के बीच कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी थी।

## भोपाल से लापता किशोरी इंदौर से बरामद

राजधानी के अरेरा हिल्स इलाके से लापता हुई एक किशोरी को पुलिस ने इंदौर से सकुशल बरामद कर लिया है। वह काम सीखने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। तलाश करने के बाद भी जब किशोरी का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने जाकर उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली साढ़े सोलह वर्षीय किशोरी पढ़ाई छोड़ने के बाद पार्लर का काम सीख रही है। बीती 13 नवंबर की सुबह वह नगर जाने का कहकर घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त एमपी नगर मनीष भारद्वाज ने विशेष टीम बनाकर किशोरी की तलाश में लगाया था। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रानिक संसाधनों और मोबाइल की सीडीआर निकालने के बाद लापता किशोरी को इंदौर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## कॉलेज की छात्रा ने छत से कूदकर दी जान

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर करोंद में बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा ने दूसरी मंजिल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि उसका रिजल्ट आया था और दो विषय में वह फेल हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दीपांशी वाजपेयी पिता मनोज वाजपेयी (20) देवकी नगर, करोंद में रहती थी और बीकॉम सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता मनोज वाजपेयी की घर में ही किराने की दुकान है। मनोज ने पुलिस को बताया कि दीपांशी उनकी छोटी बेटी थी, जबकि बड़ा बेटा और बेटी है। दीपांशी निजी कॉलेज से बीकॉम सेकंड ईयर की छात्र थी। उसका रिजल्ट आया था। उसे पता चला कि उसके दो विषय रुक गए है तो वह डिप्रेशन में चली गई।

## सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर दी जान

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा नगर में मंगलवार देर रात सिक्योरिटी गार्ड ने अपने घर में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार बृजलाल साकेत (55) दुर्गा नगर, चूनाभट्टी में रहते थे और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। वह शराब पीने के आदी थे। मंगलवार रात भी वह शराब के नशे में घर पहुंचे और अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर जय अस्पताल ले गए, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मृतक और कमरे की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती मनाई

# इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को युद्ध में तीन बार पराजित किया: अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, राम भरोसे राठोर, प्रवक्ता महेश गुरबानी, राम भरोस भगवानिया, नरेंद्र केवलानी, विशणु मारण, प्रकाश विधानी, सुरेश सिंगरोली, जगदीश सांवले,गगन भार्गव, राजकुमार धानुक, साहिल खान, सहित अनेक कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को युद्ध में तीन बार पराजित किया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान को पराजित कर अलग से बांग्लादेश बनाया।

## बीएलओ से प्रक्रिया समझते हुए...



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा युवा नेता जीतू नन्दवशी ने बुधवार को एसआईआर को लेकर वरिष्ठजन के साथ बीएलओ से फार्म भरने से लेकर अन्य प्रकिया की जानकारी समझते

पाषदों ने कहा- खुदी सड़क से लोगों को हो रही परेशानी

# सीएमओ ने कहा- मैं गैंती, फावड़ा और तगाड़ी लेकर सड़क पर तो नहीं आऊंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की सीएमओ से पार्षदों ने कहा मैडम वार्डों में सड़क खुदी पड़ी है, जिससे वार्ड वासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। माता मंदिर के तालाब में कीचड़ युक्त गंदा पानी मिल रहा है, जिससे मंदिर आने-जाने वालों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। यह सुनकर सीएमओ ने कहा कि मैं गैंती, फावड़ा, तगाड़ी लेकर सड़क पर काम करने तो नहीं जाऊंगी।

इस बार पार्षदों ने कहां की स्वच्छता के लिए देश के प्रधानमंत्री हमारे विधायक सुरेंद्र पटवा झाड़ लगाकर स्वच्छता के लिए संदेश दे रहे हैं, तो आप फावड़ा, तगाड़ी, गैंती लेकर चले तो, अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि और सभी पार्षद भी आपके साथ चलने को तैयार हैं, हर वार्ड में अच्छा संदेश जाएगा। नपा उपाध्यक्ष नामित बागीश अग्रवाल ने बताया कि सीएमओ मैडम अध्यक्ष और पार्षद गैंती, फावड़ा, तगाड़ी लेकर चलें तो वार्डों में श्रमदान करने का अच्छा संदेश जाएगा। जब सीएमओ किरण रंहगडाले से पूछा तो उन्होंने कहा कि पार्षदों से औपचारिक चर्चा हुई है।

पूर्व नपा उपाध्यक्ष एवं पार्षद पति रामेश्वर नागर ने कहा कि माता मंदिर हिरानिया के तालाब में गंदा कीचड़ युक्त पानी है। वार्डों की सड़क उखड़ी है अगर सीएमओ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि गैंती, फावड़ा व तगाड़ी लेकर श्रमदान करेंगे तो जनता भी उनका सहयोग करेगी और नगर साफ हो जाएगा।



## रियल एस्टेट, शहरी विकास के मुद्दों पर बनी सहमति

**भोपाल।** बुधवार को नगर निगम की आयुक्त संस्कृति जैन से मनोज मीक के नेतृत्व में क्रेडाई भोपाल का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके कार्यालय में मिला। बैठक 13 नवम्बर को नगरीय प्रशासन संचालनालय में हुई सीएस मॉनिटरिंग मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई। बैठक में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस बढ़ाने पर जोर दिया गया। रियल एस्टेट और शहरी विकास से जुड़े मुद्दों पर सहमति बनी। बैठक में नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गरीब, बेसराहा और राहगीरों को ठंड से हो रही परेशानी

# औबेदुल्लागंज में कड़ाके की सर्दी, नगर परिषद ने नहीं की अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सर्दी से आमजन बेहाल हैं। इसके बावजूद नगर परिषद अब तक शहर में अलाव जाने की व्यवस्था नहीं की है। तापमान में तेज से आ रही गिरावट के कारण के शाम होते ही ठंड बढ़ने लगती है और सड़क किनारे, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र तथा अन्य स्थानों पर गरीब, मजदूर और असहाय लोगों को ठंड से भारी परेशानी हो रही हैं। अब तक नगर परिषद ने न तो लकड़ी का वितरण किया और न ही सार्वजनिक स्थान पर अलाव जलाया है।

क्षेत्र के दुकानदारों ने बताया कि प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था न होने से सड़क पर, देर रात तक ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों, रिक्शा चालकों और राहगीरों को परेशान हो रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि हर साल की तरह इस बार भी नगर परिषद केवल कागज़ों में अलाव व्यवस्था दिखाकर खानापूर्ति कर सकती है। नागरिकों ने नगर परिषद से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की मांग की है। नगर परिषद सीएमओ किरण रंहगडाले ने बताया कि अलाव की व्यवस्था के लिए चर्चा कर रहे हैं।



कोहरे और कड़ाके की ठंड में जाते हुए राहगीर।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 138 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने बुधवार को बैरसिया तहसील के ग्राम रोंडिया में निःशुल्क दृष्टि दोष, नेत्र रोग जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शिविर लगाया। यह शिविर स्वर्गीय गुलाब देवी एवं स्वर्गीय बाबूलाल त्रिपाठी रोंडिया वालों की स्मृति में उनके परिवार ने आयोजित करवाया।

शिविर का शुभारंभ त्रिपाठी परिवार के सदस्यों एवं सेवा सदन के ट्रस्टीगण ने देवी-देवताओं के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में कुल 138 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। उनमें 75 पुरुष एवं 59 महिलाएं शामिल थीं। जाँच के दौरान कुल 34 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें सेवा सदन की एम्बुलेंस से संतनगर लाकर अस्पताल में भर्ती किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री संतोष त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी और नूतन त्रिपाठी, सेवा सदन के कन्सलटेंट कर्नल डा. मदन देशपांडे, ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी, तुलसी आडवाणी, पुरुषोत्तम माहेश्वरी, अनुशा तिवारी पाठक उपस्थित थे।

आबकारी विभाग की टीम ने बावड़िया कला में की घेराबंदी

# शराब तस्कर कार छोड़कर भागा, महंगे ब्रांड की साढ़े तीन लाख रुपए की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी से बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने साढ़े तीन लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की है। आबकारी विभाग की टीम ने बावड़िया कलां क्षेत्र की एक कॉलोनी में घेराबंदी की, जिसके बाद तस्कर कार छोड़कर भाग गए। कार में महंगे ब्रांड की साढ़े तीन लाख रुपए की शराब जब्त की है। आबकारी विभाग की टीम ने अज्ञात तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि बावड़िया कलां स्थित आकृति रिट्रीट कॉलोनी परिसर में एक कार से अज्ञात व्यक्ति महंगी अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है। मौके पर टीम को भेजा गया, जहां घेराबंदी कर दबिश दी, तो कार चालक भाग खड़ा हुआ। टीम ने वाहन को जब्त कर तलाशी ली तो उसमें से विभिन्न महंगे ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 34 कार्टून में करीब 306 लीटर शराब बरामद हुई है। जिसकी कीमत करीब तीन लाख 56 हजार रुपए आंकी गई है। टीम ने अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

**कार में अंग्रेजी शराब के 34 कार्टून में करीब 306 लीटर शराब बरामद**



जब्त शराब और कार के साथ आबकारी विभाग की टीम।

सांसद खेल महोत्सव 2025

# ग्राम पंचायत धामधूसर, अमोदा में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत मंडल औबेदुल्लागंज के ग्राम पंचायत धामधूसर एवं अमोदा में बुधवार को कई खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेन्द्र पटवा के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया अभियान एवं फिट इंडिया मूवमेंट को प्रोत्साहित करते हुए यह खेल प्रतियोगिता आयोजित की। यह महोत्सव युवा शक्ति में खेल संस्कृति, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निखलेश कटारे, मंडल उपाध्यक्ष हरगोविंद वर्मा, कोमल सिंह चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, धामधूसर सरपंच दिनेश पोर्ते, लोकेश परमार, सुरजीत चौहान, अतर सिंह राजपूत, कैलाश पटेल, दयाराम चौहान, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति और खिलाड़ियों सहित परिवारजन उपस्थिति रहे।



जनपद सीईओ निखिलेश कटारे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, सरपंच धामधूसर एवं अन्य अतिथि विजेता महिलाओं को प्रमाण-पत्र देते हुए।

# छात्र-छात्राओं ने सीखा बांस से फ्लॉवर पॉट, पेन स्टैंड, वॉल स्टैंड और मोबाइल स्टैंड बनाना

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय बांस शिल्प कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय बांस शिल्प निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यशाला में बांस कलाकार धर्मेंद्र रोहर और तान सिंह बामने ने छात्रों को बांस से बनी वस्तुए बनाने का प्रशिक्षण दिया। कलाकारों ने बांस स्टैंड, पेन स्टैंड, वॉल स्टैंड और मोबाइल स्टैंड जैसे रोजाना इस्तेमाल होना वाली वस्तुओं को तैयार करने की क्रियाविधि बताया। वहीं छात्रों ने बड़ी रुचि के साथ न केवल तकनीक को समझा। बांस वर्कशॉप में विश्वविद्यालय के करीब 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।



कार्यशाला में बांस से फ्लॉवर पॉट बनाना सीखते छात्र–छात्राएं।



छात्रों को बांस की कटिंग करना सिखाते विशेषज्ञ।

बांस की बनावट, कटिंग, पॉलिशिंग और डिज़ाइनिंग का लिया प्रशिक्षण

### बांस की डालियों से बनेंगी सजावटी वस्तुएं

प्रशिक्षण के दौरान कलाकारों ने बताया कि किसी एक शिल्प को तैयार करने में लगभग आधे घंटे का समय लगता है, जबकि रंग-रोगन और अंतिम सजावट के लिए और समय देना पड़ता है। छात्रों ने बांस की बनावट, कटिंग, पॉलिशिंग और डिज़ाइनिंग जैसी महत्वपूर्ण बारीकियों को ध्यानपूर्वक सीखा।

### आज ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण

कार्यशाला के दूसरे दिन बांस की डालियों से सजावटी वस्तुएं तैयार करने की विधि सिखाई जाएगी। साथ ही बांस से आकर्षक ज्वेलरी जैसे ईयररिंग, पेंडेंट और चूड़ियां बनाने की तकनीक का प्रदर्शन करेंगे।

## सरदार पटेल @150 के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत वि वि परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायन, वादन, नृत्य की प्रस्तुति का संयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। जिसमें गायन के मार्गदर्शक डॉ संजय द्विवेदी ने किया। वादन के मार्गदर्शक डॉ. हरि प्रसाद पौड्याल रहे एवं नृत्य की मार्गदार्शिका कल्याणी फगरे रहीं।

### गायन, वादन, नृत्य के अंतर्गत दीं एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### नाटक मुसाफिर का मंचन आज

**भोपाल।** भूमिका थियेटर नाटक मुसाफिर का मंचन करने जा रहा है। यह नाटक प्रशासन अकादमी में गुरुवार को मंचित किया जायेगा। नाट्य संकल्पना, रूपांकन और निर्देशन गोपाल दुबे का है। शाम 6.30 बजे से इसका मंचन होगा।

### एलबीटी में 'उसके जाने के बाद' का मंचन आज

**भोपाल।** रंग माध्यम नाट्य संस्था नाटक उसके जाने के बाद का मंचन गुरुवार को करेगी। इस नाटक का लेखन शेखर रमेश मिश्रा और निर्देशन अम्बुज ठाकुर ने किया है। यह नाटक 20 नवंबर को शाम 7 बजे रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप सभागार में मंचित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

### साहित्यिक संस्थाओं की काव्य गोष्ठी आज

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर के कार्यक्रम विश्वरंग के आनुषांगिक कार्यक्रमों के रूप में विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा पूर्वरंग के सतत आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला के अंतर्गत स्टेट बैंक साहित्य एवं कला परिषद भोपाल द्वारा 20 नवंबर को शाम 4 बजे से हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार गोकुल सोनी करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में वनमाली सृजन पीठ के निदेशक मुकेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी के निदेशक डा. विकास दवे, सारस्वत अतिथि सुचर्चित साहित्यकार सुरेश पटवा भी मंचासीन रहेंगे।

## 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रदर्शित किए विभिन्न मॉडल

# पानी की खपत कम करने, हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के कार्य करने वाला मॉडल छात्र ने किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तापमान, नमी, हवा का प्रवाह, प्रकाश और पौधों की प्रक्रिया में ग्रीन हाउस इफेक्ट का अहम रोल है, ग्रीन हाउस के इसी मॉडल पर आधारित मिनी-ग्रीनहाउस को रिप्रजेंट करता प्रोजेक्ट लेकर आए पंजाब के शासकीय स्कूल के छात्र करनवीर। जिन्होंने अपने इस मॉडल को प्रदर्शित किया 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में। बाल विज्ञान प्रदर्शनी के दूसरे दिन छात्रों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी के साथ साथ 'साइंस टॉक' का भी आयोजन किया गया। साइंस टॉक में प्रो.आशुतोष कुमार सिंह ने बाल वैज्ञानिकों और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की प्रासंगिकता और इसके संभावित दुषपरिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने देश के महान वैज्ञानिक आर्यभट्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके अनुसंधान कार्यों से प्रेरणा लें और भविष्य में देश के नवनिर्माण के लिए शोध व नवाचार की दिशा में कार्य करें।

मॉडल प्रदर्शनी के साथ साथ 'साइंस टॉक' का भी आयोजन किया गया

### तापमान, नमी, हवा का प्रवाह को नियंत्रित करेगा मिनी ग्रीनहाउस

वहीं, प्रदर्शनी में पंजाब के शासकीय स्कूल के छात्र करनवीर ने जलवायु नियंत्रण पर आधारित भविष्य में होने वाली फॉर्मिंग मॉडल तैयार किया। शिक्षिका मनविंदर कौर के निर्देशन में तैयार यह मॉडल आधुनिक कृषि की तकनीकों पर आधारित है। जिसका उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में भी फसलों की सुरक्षित और निरंतर पैदावार को बढ़ावा देना है। मॉडल में एक वातावरण को नियंत्रित करने वाला मिनी-ग्रीनहाउस बनाया गया है, जिसमें तापमान, नमी, हवा का प्रवाह, प्रकाश और पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को स्वचालित प्रणाली से संतुलित किया गया है। इसमें पौधों की खेती बिना मिट्टी के, हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग किया है। इससे पानी की खपत 90% तक कम होती है और मौसम, मिट्टी या कीटों की समस्याओं का प्रभाव न के बराबर रहता है। यह मॉडल भविष्य की स्मार्ट और स्थायी खेती के लिए एक समाधान प्रस्तुत करता है।



प्रदर्शनी में पंजाब के शास. स्कूल के छात्र करनवीर ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया।

### किसानों के लिए वरदान मल्टी-फंक्शनल फॉर्मिंग रोबोट



मल्टी–फंक्शनल फॉर्मिंग रोबोट के बारे में बताते साहिल और विक्रम।

छात्र साहिल आर्य और विक्रम मंगवाकर ने मल्टी-फंक्शनल फॉर्मिंग रोबोट तैयार किया जिसका उपयोग खेती में होगा। जीपीएस आधारित तकनीक पर काम करने वाले इस रोबोट में किसान केवल एक बार अपने खेत की लोकेशन सेट करेगा और रोबोट पूरे खेत का डिजिटल मैप तैयार कर लेता है। साथ ही ये रोबोट पौधे में पोषक तत्वों की कमी का आंकलन करके भी किसानों के लिए वरदान का काम करेगा।

### 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेस मेकरस्पेस

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान ने स्टेम मेकरस्पेस, 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेस मेकरस्पेस जो डिजिटल मॉडल से थ्री डी वस्तुओं को बनाने में मदद करता है। अंकित सिंह ने कहा कि स्लाइसिंग डिजिटल मॉडल को स्लाइसिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पतले परतों में बांटा जाता है, बाद में फिनिशिंग टच दिया जाता है। 3डी प्रिंटिंग छात्रों को हाथों से सीखने का अवसर प्रदान करती है, छात्रों को समस्या-समाधान कौशल विकसित करने में मदद करती है, जो उनके भविष्य के करियर में उपयोगी होगा।



अपने मॉडल के बारे में बताते अंकित सिंह।

### पानी की बर्बादी रोकेगा 'वाटर शावर'



भोपाल की छात्रा प्रसंशिका नामदेव अपने मॉडल की जानकारी देती हुईं।

भोपाल की छात्रा प्रसंशिका नामदेव ने 'वाटर शावर' डिवाइस बनाया जो पानी की बर्बादी रोकने में कारगर है।इस मशीन में जितना पानी सेट किया जाएगा, उतना ही पानी निकलेगा और उसके बाद मशीन अपने आप बंद हो जाती है। इससे अनावश्यक पानी की बरबादी नहीं होगी।

### एनआईडीः मध्य प्रदेश में 21 नवंबर को होगा द्वितीय दीक्षांत समारोह

**भोपाल।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन का द्वितीय दीक्षांत समारोह शुक्रवार, 21 नवंबर को दोपहर 3 बजे से एनआईडी एमपी के मुख्य सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का दीक्षांत समारोह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दो स्नातक बैच 2020-2024 और 2021-2025 अपने उपाधि प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे, जो उनकी शैक्षणिक और रचनात्मक यात्रा का एक प्रमुख पड़ाव है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. टेसी थॉमस, पूर्व महानिदेशक (एरोनॉटिकल सिस्टम्स), डीआरडीओ तथा पूर्व परियोजना निदेशक, अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल उपस्थित रहेंगी। भारत की सामरिक रक्षा और एयरोस्पेस नवाचारों में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए, डॉ. थॉमस की उपस्थिति हमारे स्नातक डिजाइनरों को उत्कृष्टता, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण हेतु प्रेरित करेगी।

■ डॉ. टेसी थॉमस होंगे मुख्य अतिथि

### अहिल्या रूपेण संस्थिता महानाट्य 30 नवंबर को

**भोपाल।** पुण्यश्लोका अहिल्याबाई पर आधारित महानाट्य अहिल्या रूपेण संस्थिता का मंचन 30 नवंबर को किया जाएगा। यह नाट्य रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में मंचित किया जायेगा। इस महानाट्य को डॉ. साधना बलबटे ने लिखा है और नागपुर के प्रयास रंग समूह के कलाकार इस पर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा।

भोपाल



जागरूकता कार्यक्रम में सारिका।

### अब जुड़वाएं बहू का भी नाम, एसआईआर में करें यह कामः सारिका

**भोपाल।** निर्वाचन आयोग की स्वीप आईकॉन सारिका ने नवबधुओं के लिए कार्यक्रम में मतदाता नाम स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। सारिका ने बताया कि अगर शादी के पहले अगर लड़की का नाम मायके की मतदाता सूची मे था तो बीएलओ फार्म 8 की मदद से मतदाता शिफ्टिंग के अंतर्गत बहु का नाम अब विवाह बाद के नये पते पर स्थानांतरित करेंगे।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की नर्मदापुरम एवं हरदा जिले की बैठक

# एसआईआर मतदाता सूची के सटीक शुद्धिकरण के लिए किया जा रहा है, कार्यकर्ता सहयोग करें




भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने नर्मदापुरम में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुधवार को नर्मदापुरम जिला भाजपा कार्यालय में नर्मदापुरम व हरदा जिले के जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मप्र की भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराने में कार्यकर्ता सहयोग करें। निर्वाचक नामावली गहन विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया जा रहा है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें। बैठक को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह एवं जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने भी संबोधित किया।

प्रदेश संगठन महामंत्री ने पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों के साथ की बैठक

## कार्यकर्ता प्रतिदिन समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं : हितानंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित भोपाल नगर निगम के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को पारदर्शी तथा और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। एसआईआर अभियान में पार्टी के सभी कार्यकर्ता सहभागी बनें और मतदाताओं का सहयोग करें। एसआईआर के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं। यह देखें कि उनके क्षेत्र के कौन-कौन से मतदाता काम के सिलसिले में बाहर गए हैं, किसकी मृत्यु हो चुकी है और कौन सा मतदाता बाहरी है। बैठक को जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया।



बैठक को संबोधित करते संगठन महामंत्री

### डीजीपी मकवाणा की अफसरों को सीख

## नेतृत्व का आधार है चरित्र संवेदनशीलता, सेवा-भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य प्रशासनिक सेवा के 24 परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक (डी जी पी) कैलाश मकवाणा से मुलाकात की। डी जी पी मकवाणा ने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण अवधि ही भविष्य की कार्यशैली की असली नींव होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी के नेतृत्व की पहचान उसके पद या अधिकार से नहीं, बल्कि चरित्र, संवेदनशीलता और जनता के प्रति सेवा-भाव से होती है। उन्होंने कहा कि अधिकारी का आचरण और व्यवहार ही जनता का विश्वास अर्जित करता है। टीम का सम्मान और उनसे सीखने की भावना प्रशासनिक सफलता की कुंजी है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और संवेदनशीलता से काम करना सबसे जरूरी है। उन्होंने हार्टफुलनेस संस्था द्वारा पुलिस और समाज के विभिन्न वर्गों को ध्यान, योग एवं तनावमुक्ति प्रशिक्षण देने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।



डीजीपी कैलाश मकवाणा (फाइल)

राजस्थान से जुड़ा सप्लाई का कनेक्शन

## हरदा जिले में ड्रग्स मामले में दो गिरफ्तार 98 लाख रुपए की 490 ग्राम एमडी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में एमडी ड्रग्स मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 490 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 98 लाख रुपए बताई जा रही है। ड्रग्स सप्लाई का कनेक्शन राजस्थान से जुड़ा हुआ सामने आया है। एसपी शशांक ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि रन्हाई रोड से स्कूटी सवार युवक पंकेश पिता बनवारीलाल झंवर को 2.61 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने एमडी ड्रग्स महेश उर्फ पप्पू खिलेरी (निवासी छोटी हरदा) से खरीदना बताया। इसके आधार पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से पप्पू के घर से 341 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत लगभग 68 लाख 20 हजार रुपए है।आरोपी पप्पू खिलेरी पर पहले से 9 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस पहुंचने की जानकारी लगते ही वह मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि आरोपी पंकेश का शहर के कई लोगों से संपर्क में होना सामने आया है, जिसकी भी जांच की जा रही है। एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### आरजीपीवीः एबीवीपी ने गिनाईं खामियां

## अभाविप ने आरजीपीवी की एसएसआर रिपोर्ट के गलत तथ्यों को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने हाल ही में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड की गई एसएसआर रिपोर्ट के गलत तथ्यों को उजागर कर दिया है। अभाविप ने बुधवार को पीपीटी के माध्यम से रिपोर्ट में अकादमिक अनियमितताओं के प्रमाण सौंपते हुए कुलपति एवं अन्य संबंधित दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

इसके साथ ही अभाविप ने विश्वविद्यालय को क्षेत्र के अनुसार तीन भागों में विभाजित करने की मांग की है। हाल ही में नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त करने की प्रक्रिया में की गई धांधली इसका सबसे ताजा उदाहरण है।

इस रेट पर ही होगी भावांतर राशि की गणना

## भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर अब हुआ 4263 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 403, 9 और 10 नवंबर को 4036, 11 नवंबर को 4056 , 12 नवंबर को 4077, 13 नवंबर को 4130, 14 नवंबर को 4184, 15 नवंबर को 4225, 16 नवंबर को 4234, 17 नवंबर को 4236 तथा 18 नवंबर को 4255 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। भावान्तर योजना के सफल क्रियान्वयन ने किसानों को एमएसपी की राशि मिलने की गारंटी दी है।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल

राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी। किसानों को मंडी में अच्छा भाव मिल रहा है। वैसे भी मॉडल भाव पिछले 14 दिन के बाजार भाव का भारित औसत है।

प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

# 9 करोड़ बैंक खातों में 18,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की

## किसानों से की मुलाकात और प्रदर्शनी भी देखी, दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयंबटूर में एक समारोह में लाभार्थियों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त हस्तांतरित की। 9 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। पीएम मोदी ने प्राकृतिक कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और दक्षिण भारत राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की और बातचीत की और प्रदर्शनी का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों के साथ-साथ पौधों और फसलों की वृद्धि को दर्शाने के लिए एक कोना भी था। प्रधानमंत्री के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि भी थे।



मुख्यमंत्री नायडू प्रधानमंत्री को उपहार देते हुए।

### पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति मिलेगी

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025, जो 19-21 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा भारत के कृषि भविष्य के लिए व्यवहार्य, जलवायु-स्मार्ट और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल के रूप में प्राकृतिक और पुनर्योजी खेती की ओर बदलाव को गति देना है। सम्मेलन में किसान भी मौजूद थे।

**पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में पीएम ने की शिरकत, सीएम नायडू ने किया सम्मान**

### सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं



प्रधानमंत्री का पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि सेवा के बिना भक्ति, करुणा के बिना ज्ञान और सामाजिक योगदान के बिना कर्म का कोई अर्थ नहीं है।

### आंध्र प्रदेश में 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च

आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में पीएम नरेंद्र मोदी ने 'सुकन्या समृद्धि योजना' लॉन्च की। पीएम मोदी ने कहा कि अब तक देश की 4 करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं।

### स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी

पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और चिरस्थायी विरासत को सम्मानित करते एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मानवसेवा ही माधव सेवा है।



पीएम मोदी को नमन करतीं ऐश्वर्या


### मंच पर पीएम मोदी के ऐश्वर्या ने पैर छू कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन भी श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुईं।इस दौरान की एक झलक सामने आई है, जिसमें पीएम मोदी और ऐश्वर्या राय एक साथ नजर आए। इतना ही नहीं ऐश्वर्या राय ने पीएम मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल गया।

## खबर संक्षेप

### जेल गार्ड ने पत्नी-सास को उड़ाया, खुदकुशी की

**गुरदासपुर।** केंद्रीय जेल गुरदासपुर में निजी गार्ड के तौर पर तैनात एक पूर्व सैनिक ने अपनी सरकारी एके-47 राइफल से अपनी पत्नी और सास को गोली से उड़ा दिया। पुलिस से घिरने पर गोली मारआत्महत्या कर ली। उसकी पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पूर्व सैनिक था और निजी कंपनी पैसको के तहत गुरदासपुर में गार्ड की ड्यूटी कर रहा था।



### आज मणिपुर जाएंगे संघ प्रमुख भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को मणिपुर जाएंगे। जातीय हिंसा भड़कने के बाद से यह उनका पहला राज्य दौरा है। संघ के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने बताया, वे 3 दिन की यात्रा के दौरान नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।



### लघु खनिज सुधार में उत्तराखंड का सम्मान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में खनन सुधारों में निरंतर उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। पारदर्शिता, तकनीक और सख्त निगरानी के आधार पर 4 साल में प्रदेश ने खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तराखंड ने लघु खनिज सुधार में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



### लालू यादव का करीबी कात्याल हिरासत में

**गुरुग्राम।** ईडी ने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। कात्याल को पीएमएनएलए के तहत गिरफ्तार किया है।

देश के 272 प्रतिष्ठित नागरिकों (जज, रिटायर्ड नौकरशाह, सैन्य अफसरों) ने लिखा पत्र

# राजनीतिक हताशा को 'संस्थागत संकट' का रूप देने की कोशिश न करें, यह 'षड्यंत्रकारी'

## राहुल ने 'परमाणु बम', चुनाव आयोग को देशद्रोही तक कह डाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के 272 प्रतिष्ठित नागरिक, जिसमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (14 पूर्व राजदूत समेत) और 133 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी शामिल हैं, ने एक खुला पत्र जारी करके विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इन हस्तियों ने कहा कि भारत का लोकतंत्र किसी हथियार से नहीं, बल्कि जहरीली बयानबाजी से हमला झेल रहा है। इस पत्र में आरोप लगाया गया है कि सैन्य बलों, न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाने के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों ने लिखा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार चुनाव आयोग पर वोट चोरी में शामिल होने का आरोप लगाया, 'परमाणु बम' जैसी भाषा इस्तेमाल की और यहां तक कहा कि आयोग देशद्रोह कर रहा है, लेकिन इन दावों के समर्थन में कोई औपचारिक शिकायत या शपथ पत्र नहीं दिया।

**शिकायत या शपथ पत्र क्यों नहीं दिया**

सभी ने एक सुर में विपक्षी नेता को कठघरे में खड़ा किया



चुनाव आयोग और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### हार की हताशा से उपजा क्रोध

पत्र के अनुसार बिना सबूत के लगाए जाने वाले आरोप एक 'क्रोध' का रूप हैं, ऐसा गुस्सा जो बार-बार चुनावी हार और जनता से दूरी के कारण पैदा हुआ है। पत्र में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दल विश्लेषण की जगह नाटकीयता को चुन रहे हैं और सार्वजनिक सेवा की जगह राजनीतिक तमाशा कर रहे हैं।

### जब जीत मिले तो साध लेते चुप्पी

देश की इन हस्तियों ने लिखा कि जब किसी विपक्ष शासित राज्य में चुनाव आयोग के परिणाम विपक्ष के अनुकूल होते हैं, तब उसकी आलोचना गायब हो जाती है। लेकिन जब परिणाम उनके खिलाफ आते हैं, तब आयोग को हर कहानी का खलनायक बना दिया जाता है। उन्हें यह चुनिंगा नाराजगी 'राजनीतिक अवसरवाद' का उदाहरण लगी।

### संस्थाओं पर राजनीतिक हमले न करें

इस खुले पत्र में टीएन शेषन और एन गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्होंने लोकप्रियता या सुर्खियों के बजाय निष्पक्षता और कड़ाई से नियमों का पालन कराया। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि भारत की संस्थाओं को राजनीतिक हमलों का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, यही परंपरा देश को मजबूत बनाती है।

### चुनाव आयोग से पारदर्शिता जारी रखने की अपील

वरिष्ठ नागरिकों ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पारदर्शिता बनाए रखे, सभी आंकड़े सार्वजनिक करे और अपना बचाव करे। राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे 'बिना सबूत वाले आरोपों' की जगह नीतिगत विकल्प और देश के लिए ठोस दृष्टि पेश करें।

**लोकतंत्र मजबूत और लोग भी समझदार :** हस्तियों ने विशेष रूप से चुनाव आयोग पर अपना अटूट विश्वास जताया। भारत का लोकतंत्र मजबूत है और राजनीति नाटकीयता नहीं, बल्कि सत्य, और सेवा के आधार पर हो।

### राहुल को अपना अतीत भी देखना चाहए: वैद



जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा कि हम अपने देशवासियों को यह बताना चाहते हैं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय सेना और फिर सर्वोच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर भी हमला किया। अगर चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर कर रहा है, तो वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए है। राहुल ने दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया। कांग्रेस 60 साल के अपने अतीत को देखे।

### राहुल बेबुनियाद हमले कर रहे यह नासमझ का काम: ढींगरा



पूर्व न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा ने कहा कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर बेबुनियाद हमले कर रहे हैं। वेएसआईआर के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। केवल एक नासमझ व्यक्ति ही एसआईआर के खिलाफ विरोध कर सकता है। आतंकवादी ही ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं जिसमें वे 'बम' जैसे शब्द हों।

### अपने 'बेदम' आरोपों में संयम बरतें: विक्रम



उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि मैं हाइड्रोजन बम और परमाणु बम निर्यात करने की बात कहने पर कड़ी आपत्ति जताता हूं। हमें अपनी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और कार्यपालिका पर पूरा भरोसा है। चुनाव आयोग की ईमानदारी पर सवाल उठाना और यह कहना कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन पर कार्रवाई की जाएगी, बेहद गलत है। राहुल को ऐसी बातें कहने का कोई अधिकार नहीं है। वे आरोपों में संयम बरतें क्योंकि उनमें कोई दम या तथ्य नहीं है।

एसआईआर शुरू होते ही लोगों में भगदड़

# बोरिया बिस्तर समेटकर भागने लगे बाहरी घुसपैठिए, सीमाओं पर भीड़



बंगाल से भागते हुए अवैध बांग्लादेशी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारत के कई राज्यों में मतदाता सूची के दस्तावेज़ सत्यापन (एसआईआर) की कड़ी प्रक्रिया शुरू हुई है। एक दिलचस्प प्रवृत्ति सामने आ रही है कि वर्षों से देश के अलग-अलग कोनों में बसे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए अपना सामान समेटकर गायब होने लगे हैं। मजदूरी, घरेलू काम और निर्माण क्षेत्रों में घुले-मिले ये लोग प्रदेशों से निकलकर पूर्वी सीमाओं की ओर भाग रहे हैं। सख्ती ने कई इलाकों में मानो एक मौन भगदड़ पैदा कर दी है। अवैध प्रवासी इस आशंका में हैं कि उनके नाम, पहचान और निवास की पूरी जांच होने पर उनका 'अदृश्य जीवन' उजागर हो जाएगा इसलिए वह वापस भागने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तर 24 परगना के हाकिमपुर सीमा चौकी पर भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल ने सैकड़ों बांग्लादेशी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को रोका।

कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

### हार्ट अटैक से बीएलओ की मौत

**जयपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर बातचीत नहीं कर रहा था। वह मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन परबातचीत के कुछ ही मिनट बाद उनकों सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़ा।

### अब तक 28 की मौत: ममता



बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने फिर एसआईआर पर गंभीर चिंता जताई है।उनका कहना है कि कामकाज का दबाव भरा हो चुका है कि अब तक 28 लोगों की जान चली गई है। चुनाव से पहले इसे तेज करके काम करने वालों को खतरे में डाला जा रहा है। मामला जलपाईगुड़ी के माल इलाके से सामने आया है। यहां बीएलओ शांति मुनी एक्का ने कथित तौर पर बढ़ते काम के दबाव और मानसिक तनाव के चलते जिंदगी खत्म कर ली।

तलाक-ए-हसन पर भड़का सुप्रीम कोर्ट उठाए सवाल

# आरोपी पति के अहंकार पर नाराज हो गए मीलॉर्ड, प्रथा को रद्द करने पर करेंगे विचार

## बेनजीर बनाम भारत संघ और अन्य के मामले की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय में किसी पति के खुद उपस्थित हुए बिना अपने किसी वकील के माध्यम से तलाक भेजने की प्रथा पर सख्त नाराजगी जाहिर की है और सवाल उठाए हैं कि क्या किसी सभ्य समाज में इसकी इजाजत दी जा सकती है? जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने संकेत दिया कि पीठ तलाक-ए-हसन प्रथा को रद्द करने पर विचार कर सकती है। बेनजीर हीना बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुयान और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह भी संकेत दिया कि वह इसे 5 न्यायाधीशों की पीठ को सौंप सकती है।

### प्रथा व्यापकता से समाज को प्रभावित कर रही



शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह प्रथा व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करती है, इसलिए न्यायालय को सुधारात्मक उपाय करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ सकता है। कोर्ट ने आरोपी पक्ष से कहा कि जब आप हमें एक संक्षिप्त नोट देंगे, तो हम इस मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने की वांछनीयता पर विचार करेंगे।

### सुझावों को अनदेखा किया गया

सीजेआई ने लिखा कि बाध्यकारी फैसलों को नजरअंदाज किया गया। इससे ट्रिब्यूनल्स में नियुक्तियां और कार्यकाल प्रभावित होते हैं, जो संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है।

### ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 को घोषित किया असंवैधानिक

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक्ट के प्रमुख प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। ये प्रावधान विभिन्न अधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों,कार्यकाल से जुड़े थे। सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा, एक्ट शक्तियों के पृथक्करण,सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

जगदीप धनखड़ का इस्तीफे के बाद पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम

# संघ नेता मनमोहन वैद्य की पुस्तक का कल भोपाल में करेंगे विमोचन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति पद से इसी वर्ष जुलाई में इस्तीफा देने के करीब चार महीने बाद जगदीप धनखड़ अब पहली बार किसी बड़े सार्वजनिक मंच पर दिखाई देंगे। वह 21 नवंबर को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां आरएसएस के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' का विमोचन होना है। इस कार्यक्रम में धनखड़ मुख्य वक्ता होंगे। सुरुचि प्रकाशन द्वारा आयोजित इस विमोचन समारोह में देश की कई धार्मिक और सांस्कृतिक हस्तियों की मौजूदगी भी रहेगी, जिनमें वृंदावन-मथुरा से जुड़े रीतेश्वर जी महाराज भी शामिल होंगे। आयोजन समिति ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है।

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देते समय स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। इसके बाद वह सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहे और केवल नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण के दौरान ही कैमरों के सामने दिखे थे। उसके बाद यह उनका पहला बड़ा संबोधन होगा। जिस पर राजनीतिक हलकों की विशेष नजर बनी हुई है। उल्लेखनीय है, प्रखर वक्ता के रूप में रहे धनखड़ 5 महीने से 'ऑफ माइक' रहने के बाद 'ऑन माइक' होंगे। वो बोलते बोलते क्या बोलेंगे - बस इसी क़यास पर सभी की नज़र रहेगी। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की हैसियत से धनखड़ के अचानक इस्तीफे को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है।

लंबे समय बाद सोनिया सार्वजनिक कार्यक्रम में आईं नजर

# मिशेल बैचलेट को मिला इंदिरा गांधी पुरस्कार

## महिला नेतृत्व, मानवाधिकार और समानता पर दिया सशक्त संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जवाहर भवन में इंदिरा गांधी पुरस्कार इस साल चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट को प्रदान किया गया है। पीस, डिसआर्मामेंट एंड डेवलपमेंट यानी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ये पुरस्कार इंदिरा गांधी फाउंडेशन की ट्रस्टियों में एक कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदान किया। लंबे समय के बाद सोनिया इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत करने जवाहर भवन पहुंचीं। सोनिया ने संबोधन की शुरुआत मिशेल बैचेलेट, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पुरस्कार जूरी प्रमुख शिवशंकर मेनन सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापित यह पुरस्कार 'हमारे समय की सबसे विलक्षण महिला नेताओं में से एक इंदिरा गांधी' की स्मृति और उनके असाधारण योगदान को सम्मानित करता है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी, वंचना, संघर्ष और असमानता के खिलाफ अपनी नीतियों और कार्यों से भारत की दिशा बदली। सोनिया ने उनका एक प्रसिद्ध उद्धरण भी दोहराया,'शांति इसलिए चाहिए क्योंकि हमें एक और युद्ध लड़ना है-गरीबी, बीमारी और अज्ञानता के खिलाफ।'

सोनिया ने कहा कि मिशेल का जीवन दमन, प्रताड़ना और निर्वासन से गुजरकर लोकतंत्र, मानवाधिकार और समानता की वैश्विक प्रतीक बनीं। उन्होंने बताया कि कैसे बैचेलेट में बतौर एक चिकित्सक स्वास्थ्य मंत्रालय में काम किया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने किए नामांकन आमंत्रित

# डिफेंस साइंस-टक्नोलॉजी में खास रिसर्च पर मिलेंगे 10 लाख

## कॉलेज और विश्वविद्यालयों से 1 दिसंबर तक आवेदन मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिफेंस साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में असाधारण रिसर्च करने वाले व्यक्तियों को मान्यता और सम्मान देने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से आवेदन मांगे जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षा संस्थानों से डीआरडीओ के 2024 और 2025 के राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए नामांकन भेजने को कहा है। कॉलेज और विश्वविद्यालय 1 दिसंबर तक नामांकन भेज सकते हैं। इसमें डॉ. कोठारी रक्षा विज्ञान पुरस्कार और डॉ. कलाम रक्षा प्रौद्योगिकी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत एक प्रशस्ति पत्र और 10 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

### सरकारी संगठनों, उद्यमों और निजी संगठनों को मिलेगा सम्मान



डीआरडीओ भवन

ये पुरस्कार सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, निजी संगठनों (शैक्षणिक, उद्योग और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं) में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिए खुले हैं। कोठारी पुरस्कार रक्षा विज्ञान में बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाएगा, जबकि दूसरा पुरस्कार रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास के लिए दिया जाएगा ।

### इन निकायों के माध्यम से करें नामांकन

नामांकन केवल मंत्रालय, विभागों, संगठनों, निजी एजेंसियों के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। नामांकन पत्र में नामांकित व्यक्ति की सहमति उसके हस्ताक्षर के माध्यम से दर्शाई जानी चाहिए और व्यक्तिगत जानकारी अनिवार्य है। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सीधे किया गया नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### उपलब्धियों और नवाचारों को मान्यता मिलेगी

यूजीसी ने कहा कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/निजी संगठनों (शैक्षणिक, उद्योग, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं) में सेवारत व्यक्तियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों और नवाचारों को मान्यता देना है, जिनके योगदान ने हमारे देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण रक्षा संबंधी अनुसंधान की प्रगति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।

भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया

वर्तमान में दोनों देशों के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार, रूस में 30 हजार से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे

# 2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं। ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। बता दें, फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। उन्होंने कहा कि रूस में बड़ी संख्या में और भारत के अलग-अलग राज्यों से आए प्रवासी हैं, जिनमें आज 30,000 से अधिक भारतीय छात्र शामिल हैं। इनमें से करीब 7,000 कजान के महावाणिज्य दूतावास के अधिकार क्षेत्र में और 3,000 येकातेरिनबर्ग के अधिकार क्षेत्र में रहते हैं।

### संबंधों के नए चरण की शुरुआत

विदेश मंत्री ने कहा कि कजान अपने तेल उत्पादन और शोधन, उर्वरकों, ऑटोमोबाइल, रक्षा निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स और विद्युत उपकरणों के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से भारत-रूस संबंध और मजबूत होंगे ।



दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री आज जयशंकर से करेंगी मुलाकात

**नई दिल्ली।** टैरिफ की चुनौती और वैश्विक सैन्य संघर्षों के दौर में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पैनी वांग की बुधवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत हो गई है। विदेश मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी किए गए परामर्श के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वांग गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मुलाकात करेंगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। इस बैठक के बाद 20 नवंबर को ही वह ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। जिसके साथ उनकी इस यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा।



फाइल फोटो : जयशंकर के साथ ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वांग

### साइबेरिया का प्रवेश द्वार है येकातेरिनबर्ग

जयशंकर ने कहा कि येकातेरिनबर्ग को औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है। अपनी भारी इंजीनियरिंग, रत्न कटाई, रक्षा निर्माण, धातु विज्ञान, परमाणु ईंधन, रसायन और चिकित्सा उपकरणों के लिए जाना जाने वाला सबसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों में से एक, इन्नोप्रोम की मेजबानी करता है।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने पीएम मोदी दक्षिण अफ्रीका जाएंगे

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** दक्षिण-अफ्रीका में आयोजित किए जाने वाले 20 वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 नवंबर तक जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सम्मेलन से इतर पीएम की समूह के कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। साथ ही वह दक्षिण-अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले भारत-ब्राजील- दक्षिण अफ्रीका लीडर्स समिट में भाग लेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह जी-20 का चौथा सम्मेलन है, जिसका लगातार ग्लोबल साउथ के देश में आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत के जी-20 के दृष्टिकोण को समूह के साथ ही दुनिया के सामने रखेंगे।



**तीन सत्रों में होगा पीएम का संबोधन :** इस वर्ष सम्मेलन में तीन सत्र होंगे। जिसमें समावेशी और सतत आर्थिक विकास, एक लचीली दुनिया और सभी के लिए साफ सुथरे भविष्य का निर्माण मुख्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे।

**अमेरिका शामिल नहीं होगा :** गौरतलब है कि सम्मेलन में अमेरिका की भागीदारी देखने को नहीं मिलेगी। दक्षिण-अफ्रीका के राष्ट्रपति इसके बारे में मौजूदा सप्ताह की शुरुआत में ही जानकारी दे चुके हैं। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इसकी घोषणा कर चुके हैं।

पाक के वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का दिल्ली आतंकी हमले पर बड़ा कबूलनामा

# पाक पर भारत की कार्रवाई के चलते लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए 'हमले'



चौधरी अनवरुल हक

चौधारी अनवरुल हक ने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा

*बयान पाक की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का बड़ा प्रमाण*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी। एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।

### बलूचिस्तान में भारत के दखल के कारण किए हमले

हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। हक ने इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान में खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का सबसे गंभीर और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

### दिल्ली ब्लास्ट का जैश-ए-मोहम्मद कनेक्शन

बता दें, भारतीय सुरक्षा और जांच एजेंसियों ने लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था।

### जसीर का फिदायीन हमला करने से इनकार

*दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। आतंकियों की साजिश उस समय विफल हो गई जब ऐन मौके पर जसीर उर्फ दानिश ने फिदायीन दस्ते में शामिल होने से मना कर दिया था। जसीर ने इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए सुसाइड बॉम्बर बनने से इनकार कर दिया था। अप्रैल 2025 में जसीर पीछे हट गया तो आतंकियों की यह योजना फेल हो गई।*

### ब्लास्ट के लिए कानपुर से पुरानी कारें खरीदने की जांच शुरू

दिल्ली विस्फोट के बाद 32 कारों के माध्यम से सीरियल ब्लास्ट करने की योजना बनाने की बात सामने आई है। इन्हें अलग-अलग शहरों से खरीदे जाने की आशंका है। जांच एजेंसियों को ऐसी ही दो कारों को कानपुर से खरीदे जाने के इनपुट मिले हैं। ये कारें पुरानी हैं इन्हें एक ही विक्रेता से खरीदे जाने का सुराग लगा है। जांच एजेंसियां इन दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

### धमाके से 25 दिन पहले कानपुर में थी डॉ. शाहीन



डॉ. शाहीन

दिल्ली विस्फोट से करीब 25 दिन पहले डॉ. शाहीन के कानपुर शहर में होने के इनपुट जांच एजेंसियों को मिले हैं। उस पर कार्य शुरू हो गया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से लेकर सुजातगंज, बेकनगंज, चमनगंज समेत अन्य क्षेत्रों की जांच की जिसमें डॉ. शाहीन के 16 अक्तूबर को शहर में आने के इनपुट मिले हैं। इसकी पुष्टि के लिए कुछ क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच एजेंसियों ने कुछ स्थानों पर कमिश्नरी पुलिस से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज हासिल कर ली है। चकेरी, जाजमऊ, रेलबाजार, कैंट क्षेत्र में टीमें सक्रिय हो गई हैं।

भारत दौरे पर आए अफगान मंत्री अजीजी

## 5 दिनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार सहित कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी पांच दिनों के भारत के आधिकारिक दौरे पर आए हैं। जहां वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने समेत तमाम मुद्दों पर बातचीत करेंगे। नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान आर्थिक साझेदारी को एक नई दिशा का अवसर है। साथ ही उन्होंने अजीजी के भारत आने पर हार्दिक स्वागत किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलहाज नूरुद्दीन अजीजी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में शामिल हो सकते हैं। साथ ही वह इन 5 दिनों की यात्रा के दौरान सरकार के तमाम अफसरों से व्यापार समेत कई मुद्दों पर अफसरों से मुलाकात करेंगे।



अलहाज नूरुद्दीन अजीजी (दाएं)

### अफगान विदेश मंत्री भी आए थे

वहीं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अक्टूबर में भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की थी और भारत को आश्वस्त किया था कि वह किसी को भी अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी के खिलाफ करने की इजाजत नहीं देंगे। मुत्ताकी ने भूकंप के दौरान अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत का धन्यवाद भी किया। साथ ही भारत को अपनी घनिष्ठ दोस्त भी बताया।

### अफगानिस्तान सीमा पर बाड़ लगाएगा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने देश की सीमाओं पर सुरक्षा को मजबूत करने, नौसैनिक अड्डों को उन्नत करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की सुरक्षा बनाए रखने के वास्ते 50 अरब पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) के रक्षा अनुपूरक बजट को मंजूरी दे दी है। यह फैसला मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया। कुल राशि में से 39 अरब पीकेआर थलसेना को तथा लगभग 11 अरब पीकेआर नौसेना को आवंटित किए गए हैं। उत्तरी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा प्रभाग उत्तरी के लिए 8 अरब पीकेआर आवंटित किए गए हैं। रक्षा बजट में 2 अरब पीकेआर की राशि अफगानिस्तान और ईरान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने के लिए आवंटित की गई है। ईसीसी ने नौसेना के दो ठिकानों के उन्नयन के लिए 11 अरब पीकेआर की मंजूरी दी।

दुबई एयर शो 2025 में रक्षा राज्य मंत्री सेठ की अपील

## भारतीय रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उद्यम और नए सहयोग की संभावनाएं, निवेश करें

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान, दुबई में 'भारत में रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और विनिर्माण' विषय पर सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें 50 वैश्विक और भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने भारत की बढ़ती रक्षा विनिर्माण क्षमताओं पर प्रकाश डाला, संयुक्त उद्यमों को प्रोत्साहित किया और भारत के बढ़ते रक्षा क्षेत्र में विकास और उत्पादन के उभरते अवसरों में निवेश का आग्रह किया।

### भारत-यूएई रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

*भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दुबई एयर शो के दौरान अपने यूएई समकक्ष मोहम्मद मुबारक अल माजरूई से मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और यूएई के बीच रक्षा सहयोग को लेकर अहम चर्चा की।*

**हरसंभव सहयोग देंगे**

*परिचर्चा में संजय सेठ ने रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों, कारोबार में सुगमता, खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई।*

आज से 3 दिनी इजराइल दौरे पर गोयल

## कृषि, साइबर सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में करेंगे द्विपक्षीय बैठकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 20 से 22 नवंबर 2025 तक इजराइल की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनकी यह यात्रा इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर हो रही है।

केंद्रीय मंत्री गोयल की यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को रेखांकित करती है और व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं निवेश के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस यात्रा से भारत और इजराइल के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने, आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए अवसर तैयार होने की उम्मीद है।



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

अजरबैजान के बाकू में बोले केंद्रीय मंत्री डॉ. पेम्मासानी

## प्रवासी समुदाय की सफलता भारत की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को बढ़ाती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अजरबैजान के बाकू में प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने डिजिटल इनोवेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, स्पेस एक्सप्लोरेशन और आर्थिक गतिशीलता में देश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रवासी समुदाय भारत की यात्रा का एक अभिन्न अंग बने हुए हैं।

### भारतीय ज्ञान को आधुनिकता से जोड़ने की अपील



डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

पेम्मासानी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी दोहरी पहचान को गर्व से अपनाएं और भारत के प्राचीन ज्ञान को मॉडर्न मल्टीकल्चरल आउटलुक से जोड़ें। उन्होंने भारतीय समुदाय से जुड़े रहने, ज्ञान साझा करने, युवा उद्यमियों का मार्गदर्शन करने और भारत की विकास यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया।

**विरासत गहराई से समाई**

*केंद्रीय राज्य मंत्री पेम्मासानी ने कहा कि यह सभा मॉडर्न, रेजिलिएंट और महत्वाकांक्षी भारत का चेहरा है, जो अपने देश से हजारों मील दूर होने के बावजूद भी अपनी विरासत में गहराई से समाया हुआ है।*

एनएसए अजीत डोभाल करेंगे मेजबानी

## आज कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा को लेकर होगा मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने वाले कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की सातवीं बैठक 20 नवंबर को होगी।



एनएसए अजीत डोभाल

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी करेंगे। इस बैठक में मालदीव, मॉरीशस, श्रीलंका और बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। सेशेल्स इस बार पर्यवेक्षक देश के तौर पर हिस्सा लेगा, जबकि मलेशिया को विशेष अतिथि के रूप में न्योता दिया गया है। इससे पहले छठी बैठक दिसंबर 2023 में मॉरीशस में हुई थी। इसके बाद अगस्त 2024 में श्रीलंका में सभी सदस्य देशों ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के औपचारिक संस्थापक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इन देशों के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी लगातार संपर्क में रहते हैं और उनकी आखिरी बैठक जुलाई 2024 में ऑनलाइन हुई थी।

सैनिकों के लिए खासतौर पर डिजिटल प्रिंट के साथ निफ्ट ने डिजाइन की है यह जैकेट

## नहीं की जा सकेगी सेना की कॉम्बैट वर्दी की नकल, सेना ने रजिस्टर किया आईपीआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगर किसी ने सेना की कॉम्बैट वर्दी की नकल करने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं...क्योंकि अब सेना ने डिजिटल प्रिंट के साथ अपनी नई 'कोट कॉम्बैट' वर्दी (तीन लेयर वाली जैकेट) के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्राप्त कर लिया है। जिसके बाद इसके डिजाइन और पैटर्न पर पूरा कानूनी अधिकार सिर्फ और सिर्फ सेना के पास आ गया है। पूर्व में बल के द्वारा इस साल 2025 की शुरुआत में अपनी कॉम्बैट वर्दी को जारी किया गया था। कोट कॉम्बैट का आईपीआर इस कदम का विस्तारित रूप है।

2025 की शुरूआत में अपनी कॉम्बैट वर्दी को जारी किया था



### आईपीआर से होगा यह लाभ

अधिकारियों ने बताया कि एक बार कोट कॉम्बैट का आईपीआर रजिस्टर होने के बाद बाजार में नकली सामान या ऐसा कोई और कपड़ा आने की गुंजाइश नहीं रहेगी। साथ ही सैनिकों तक भी उच्च-गुणवत्ता वाला कपड़ा ही पहुंचेगा। सेना की यह कवायद डिफेंस क्लोदिंग सिस्टम में नवाचार, आत्मनिर्भरता और डिजाइन की सुरक्षा की दिशा में उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के अलावा सैनिकों के कल्याण में मददगार साबित होगी। जैकेट को पहनकर सैनिक किसी भी वातावरण में आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पर आ-जा सकेंगे, भार में ये हल्की होगी। लेकिन ठंडे इलाकों में सैनिकों के शरीर को अंदर से गर्मी प्रदान करने के लिए इसमें एक लेयर मौजूद रहेगी।

### इस तरह रजिस्टर कराया आईपीआर

सेना ने कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट (डिजाइन एंड ट्रेडमार्क, कोलकाता) से आईपीआर हासिल करने के लिए अपनी एप्लीकेशन संख्या-449667-001 के साथ 27 फरवरी 2025 को डिजाइन रजिस्टर कराया था। जिसे पिछले महीने 7 अक्टूबर को पेटेंट कार्यालय के आधिकारिक जर्नल में प्रकाशित किया गया है। डिजाइन और कैमोफ्लेज पैटर्न पर भारतीय सेना का शत-प्रतिशत अधिकार हो गया है अनाधिकृत एजेंसियों द्वारा की जाने वाली किसी भी अवैध मैन्युफैक्चरिंग, पुनर्उत्पादन वाणिज्यिक प्रयोग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सकेगी।

# कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर दुनिया को चौंकाया

## डेढ़ लाख की आबादी वाले कुराकाओ ने किया कमाल, 12 अंकों के साथ ग्रुप-बी में रहा शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| किंग्सटन

कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।

**कोच एडवोकाट के नहीं रहने के बावजूद किया प्रवेश**



कुराकाओ ने कॉनकाकाफ में शामिल देशों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया तथा 12 अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। कुराकाओ ने नीदरलैंड के रहने वाले अपने कोच डिक एडवोकाट की अनुपस्थिति के बावजूद यह ऐतिहासिक परिणाम हासिल किया। 78 वर्षीय एडवोकाट को पारिवारिक कारणों से पिछले सप्ताहांत नीदरलैंड लौटना पड़ा था। एडवोकाट तीन बार नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के कप्तान रहे तथा कुराकाओ में कार्यभार संभालने से पहले वह दक्षिण कोरिया, बेल्जियम और रूस के कोच रहे थे।

# स्कॉटलैंड ने किया 28 साल का सूखा खत्म, किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



### स्विट्ज़रलैंड ने कोसोवो को हराकर बनाई जगह

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे डेनमार्क को 4-2 से पराजित करके शीर्ष स्थान हासिल किया। डेनमार्क को ग्रुप सी का विजेता बनने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। ऑस्ट्रिया ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान हासिल करके 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप में वापसी की, जबकि बेल्जियम ने लिचटेंस्टाइन को 7-0 से हराया। स्विट्ज़रलैंड ने कोसोवो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मिकेल ओयारजाबल ने 62वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जिससे स्पेन ने घरेलू मैदान पर तुर्किए के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस तरह स्पेन का यूरोप में अजेय रहने का सिलसिला 31 मैचों तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी जाएंगे गिल

**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे।'



### एनजेडसी के नए अध्यक्ष बने ग्रेटबैच

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, कोच और चयनकर्ता मार्क ग्रेटबैच को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) का नया अध्यक्ष चुना गया है। न्यूजीलैंड के लिए 1988 से 1996 के बीच 41 टेस्ट और 84 एकदिवसीय मैच खेलने वाले ग्रेटबैच लेस्ली मर्डोक की जगह लेंगे, जिन्होंने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। बोर्ड की चेयरमैन डायना पुकेटापु-लिंडन ने कहा, 'मैं पिछले तीन वर्षों में एनजेडसी अध्यक्ष के रूप में लेस्ली के पेशेवर रवैए और खेल के साथ-साथ संगठन के प्रति उनके अपार समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं।'



### खेल साहित्य महोत्सव में शिरकत करेंगे सोटोमायोर

**नई दिल्ली।** क्यूबा के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और ऊंची कूद में विश्व रिकॉर्डधारी खिलाड़ी जेवियर सोटोमायोर 22 नवंबर को एकाम्र खेल साहित्य महोत्सव (ईएसएलएफ) के सातवें सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। सोटोमायोर ने 1989 में पहली बार ऊंची कूद में आठ फीट की बाधा को पार किया था और 1993 में 2.45 मीटर (आठ फीट 1.4 इंच) का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उनके साथ पैनल में भारत के वर्तमान राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर भी शामिल होंगे।

## उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बनाई बढ़त : रिंकू ने खेली कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

# रेड बॉल में रिंकू सिंह की तूफानी बल्लेबाजी, तमिलनाडु के खिलाफ ठोके 176 रन, जड़ा लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

टी20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए। तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही, जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। इस टूर्नामेंट में यह उनका लगातार दूसरा शतक है। पिछले मैच में रिंकू ने आंध्र प्रदेश के खलिाफ 165 रन की पारी खेली थी। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।




### विदर्भ ने बड़ौदा को 144 रन से हराया

नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को इस जीत से छह अंक मिले, जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से दी मात

झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

### ओडिशा की नगालैंड पर शानदार जीत

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। ओडिशा को जीत दर्ज करने के लिए छह अंक मिले।

### मुंबई ने पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराया




**मुंबई।** मुंबई ने सिर्फ आधे घंटे में जीत की औपचारिकता पूरी की तथा पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन सुबह 8.3 ओवर में अपने बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े और इस तरह से उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 276 रन पर आउट हो गई। पुडुचेरी की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की और उसकी हार तय लग रही थी। मुंबई की तरफ से चौथे दिन तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान शार्दुल ठाकुर और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला, जिससे मुंबई ने जल्दी ही जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। देशपांडे और ठाकुर दोनों ने पांच-पांच विकेट लेकर मैच का अंत किया, जबकि सिद्धेश लाड और आकाश आनंद ने शतक बनाए, जिससे मुंबई ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन बनाकर पारी घोषित की। पुडुचेरी की टीम पहली पारी में 132 रन ही बना पाई थी। मुंबई ने अपनी तीसरी जीत से सात अंक जुटाए जबकि पुडुचेरी को कोई अंक नहीं मिला।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# मिचेल बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज, रोहित को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| दुबई

रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं, जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूज़ीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे।

### पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे बावुमा

कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो सिलहट में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीते 11 पदक**

# बधिर ओलंपिक : अभिनव और प्रांजलि की जोड़ी ने साधा गोल्ड पर निशाना

एजेंसी ▶▶| टोकियो

अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

इस तरह भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं। अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया।




### कुशाग्र ने जीता कांस्य पदक

दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। अभिनव और प्रांजलि ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू से ही अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी और अपने प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में खुद के ही बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी। भारतीय जोड़ी ने कुल मिलाकर 569 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिनव ने 287 और प्रांजलि ने 582 अंक का योगदान दिया। इन दोनों ने क्वालीफिकेशन में भी पहला स्थान हासिल किया था।

# 15 जनवरी से अंडर 19 विश्व कप, अमेरिका से भारत का पहला मुकाबला

**दुबई।** भारतीय टीम जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर 19 विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार के चार समूहों में बांटा गया है। इसमें 23 दिन के भीतर 41 मैच खेले जाएंगे। भारत को ग्रुप ए में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में जिम्बाब्वे , पाकिस्तान , इंग्लैंड और स्कॉटलैंड हैं जबकि ग्रुप सी में गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका होंगी। चौथे और आखिरी ग्रुप डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका होंगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की । इस टूर्नामेंट के जरिए तंजानिया पदार्पण करेगा जबकि जापान की 2020 के बाद वापसी होगी। भारत को 15 जनवरी को अमेरिका से खेलना है। इसके बाद 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलना है।

## डेविस कप

# बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस को हराया, सेमीफाइनल में की जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया, जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे, जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा। बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

## दूसरे दौर में लक्ष्य, प्रणय, आयुष, मन्नेपल्ली और श्रीकांत

# आस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों की दमदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा।



### मन्नेपल्ली ने योहानसन को 66 मिनट में हराया

थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। इस वर्ष के शुरू में मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे श्रीकांत का अगला मुकाबला जापान के शोगो ओगावा या एडवर्ड लाउ से होगा।

### किरण जॉर्ज ने की कड़ी चुनौती पेश

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। निशिमोतो ने पिछले सप्ताह जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को हराया था। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।

# हेविट बनाएंगे 16 साल के बेटे के साथ जोड़ी, करेंगे टेनिस में शानदार वापसी

**सिडनी।** दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे।






## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# 14 और 17 वर्ष आयु वर्ग में मध्य प्रदेश बना विजेता


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन 7 ए साइड फुटबॉल फेडरेशन के तत्वाधान में 14वीं जूनियर नेशनल 7 ए साइड फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में किया गया जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य भारत, आरएडब्ल्यू एफसी तथा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एवं अन्य राज्य शामिल रहे। जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में मध्य प्रदेश विजेता रहा जिसमें मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-1 से हराया और महाराष्ट्र उपविजेता एवं तमिलनाडु तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 17 वर्ष आयु वर्ग में मध्य प्रदेश विजेता रहा। जिसमें मध्य प्रदेश ने आरएडब्ल्यू एफसी को 2-1 से हराया तथा आरएडब्ल्यू एफसी उपविजेता एवं महाराष्ट्र तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में महाराष्ट्र ने मध्य प्रदेश को 7-2 से हराया और विजेता रहा तथा मध्य प्रदेश द्वितीय एवं कर्नाटक तृतीय स्थान पर रहे।

### इनका रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

14 आयु वर्ग में मध्य प्रदेश के नोमान खान का शानदार प्रदर्शन रहा जिसने फाइनल में तीन गोल किए, इसी तरह 17 आयुवर्ग में मध्य प्रदेश के ऋषभ साहू का अच्छा प्रदर्शन रहा जिसने फाइनल में मैच विनिंग गोल किया, 19 आयु वर्ग में महाराष्ट्र के आयुष ने अपनी टीम के लिए चार गोल किए। इंडियन 7 ए साइट फुटबॉल फेडरेशन के सचिव नरेंद्र अहिरे ने बताया कि प्रतियोगिता से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि एसआई संगीता काजले ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। फाइनल मैच के पहले पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी।


मैच प्रारंभ होने से पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एलएनसीटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन।

## राधारमण नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

# बंसल टीम 5 विकेट, आरईसी की वॉकओवर से जीती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 (सुपर नॉकआउट) के दूसरे दिन राधारमण खेल मैदान में मुकाबलों का रोमांच जारी रहा। बुधवार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनुराग जैन (निदेशक, आर.ई.सी.) तथा डॉ. विशाल गुप्ता (प्राचार्य एवं खेल अधिकारी, आर.जी.आई.) उपस्थित रहे। दिन के शुरुआती निर्धारित मैच में एन.आर.आई. टीम समय पर मैदान में उपस्थित न होने के कारण आर.ई.सी. को वॉकओवर से जीत मिली। इसके बाद मुख्य मुकाबले में एस.आइ.आर.टी. और बंसल के बीच तीव्र टक्कर देखने को मिली। एस.आइ.आर.टी. ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन बनाए। आसिफ ने 28 रन, नाइटिक ने 23 रन और तरुण एस.आर. ने नाबाद 24 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंसल टीम ने 18.2 ओवर में 6 विकेट पर 136 रन बनाकर मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए अनुज ने नाबाद 36 रनों की समयोचित और मैच-विजयी पारी खेली। मैच में प्रभावशाली गेंदबाज़ी करने वाले विष्णु बागड़ी (बंसल) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## 50 मी. राइफल प्रोन में जीता कांस्य पदक

# सटीक निशाना, अटूट धैर्य के बल पर कुशाग्र ने जीता अंतरराष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




टोक्यो में आयोजित 25वीं समर डेफ्लंपिक में भारत तथा मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान शूटर कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष वर्ग) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता।

कुशाग्र सिंह राजावत ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी उत्कृष्ट तकनीक, धैर्य और सटीकता का अद्वितीय प्रदर्शन किया। कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी माहौल में भी उन्होंने संतुलित खेल दिखाते हुए पदक तालिका में स्थान बनाया और देश को गौरवान्वित किया। उनके इस प्रदर्शन ने युवाओं के लिए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कुशाग्र सिंह राजावत की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में अकादमी के कोचों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा सपोर्ट स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### खेल मंत्री सारंग ने दी शुभकामनाएं



सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कुशाग्र सिंह राजावत को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कुशाग्र ने अनुशासन, एकाग्रता और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि उचित मार्गदर्शन एवं सतत अभ्यास से खिलाड़ी विश्व पटल पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सकते हैं। मंत्री सारंग ने आशा व्यक्त की कि कुशाग्र भविष्य में भी देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## स्व. हुकुम सिंह ठाकुर ग्रीन पैराडाइस कप

# पहले दिन चला अदम्य और देवांश का बल्ला


अदम्य पचौरी


देवांश यदुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. श्री ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में बुधवार को दो दिवसीय मुकाबला राजगढ़ जिला क्रिकेट संघ और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच के पहले दिन मयंक चतुर्वेदी अकादमी के कप्तान अरबाज़उद्दीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया और अदम्य पचौरी के 82 रन, देवांश यदुवंशी के 75 रन,अरबाज़उद्दीन के 69 और पीयूष सिंह ने नाबाद रहे 31 रनों की मदद से निर्धारित 90 ओवरों में 327/9 रन बनाए।

राजगढ़ ज़िला क्रिकेट संघ की ओर से अंकित दाँगी ने 3 विकेट मनोज यादव और योगेश यादव ने क्रमशः 2-2 विकेट, जबकि साहिल ज़ादौन और राजेश को एक-एक विकेट मिला। कल मैच का दूसरा दिन है जिसमें राजगढ़ ज़िला क्रिकेट संघ की टीम बल्लेबाज़ी करेगी।

## बीडीसीए अंडर-22 बॉयज इंटर क्लब/अकादमी टूर्नामेंट

# सेंचुरियन अकादमी ने प्रेसिडेंट-11 को दिया 192 रन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट का दो दिवसीय सेमी फाइनल फ़ेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन और सेंचुरियन अकादमी के मध्य मैच प्रारम्भ हुआ, सेंचुरियन इलेवन ने 52.4 ओवरों में 190 रन बनाए, जिसमें सौरव वर्मा ने 66 और मोहम्मद अली ने 37 रन बनाए। प्रेसिडेंट इलेवन से अनिमेष सिंह और मोहित भावनानी ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में प्रेसिडेंट इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 35 ओवर में 4 विकेट पर 130 रन बना लिए हैं, जिसमे तनिष्क यादव ने 44 रन बनाए, वहीं आदित्य राज तोमर 42 और मीत त्रिपाठी 12 रनो पर खेल रहे हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी स्वर्ण पदक विजेता वंदना ठाकुर को बधाई



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर वंदना ठाकुर को बधाई दी। खण्डेलवाल ने इंडोनेशिया में वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चौम्पियनशिप्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतने करने पर इंदौर निवासी वंदना ठाकुर को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। खण्डेलवाल ने कहा कि वंदना ठाकुर ने प्रतियोगिता के 55 प्लस किलोग्राम वर्ग में इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेशवासियों और खिलाड़ियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

## सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट

# कनारा विदिशा ने रायसेन को, अभय गोस्वामी ने रेलवे यूथ(बी) को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दो मैच खेले गए, जिसमें पहला मैच कनारा विदिशा और रायसेन के बीच अंकुर क्रिकेट अकादमी में खेला गया। इस मैच में रायसेन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और मात्र 81 रनों पर ऑल आउट हो गई। सैयद अरीम अली ने 3, जबकि समर और ऋषि ने 2-2 विकेट लिए। आयुष ने 26 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनारा विदिशा ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। सीदक ने 40 और आयुष ने 26 रन बनाए। सीदक सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### यथार्थ दांगी बने मैच के हीरो



आज का दूसरा मैच अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी और रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी (बी) के बीच खेला गया। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 342 रन बनाए, जिसमें यथार्थ दांगी ने 89 रन बनाए। मन सोनी ने 3 विकेट लिए।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930